# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 29 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 73 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




झारखंड की हॉकी टीम कोयंबटूर होगी रवाना

# ऑपरेशन 'नवजीवन-II' : झारखंड में 16 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन 'नवजीवन-II' के तहत प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 16 सक्रिय नक्सलियों ने मंगलवार को झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों से 11 हथियार और 1562 गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने बताया कि झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर के संयुक्त अभियान से माओवादी संगठन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। वहीं, राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 11 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक रीजनल कमेटी सदस्य (आरसीएम), तीन जोनल कमेटी सदस्य (जेडसीएम), तीन सब-जोनल कमेटी सदस्य (एसजेडसीएम), छह एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) और तीन दस्ता सदस्य हैं। ये सभी कोल्हान और सारंडा के दुर्गम क्षेत्रों में सक्रिय थे तथा शीर्ष माओवादी नेताओं मिसिर बेसरा उर्फ सागर जी और असीम मंडल के दस्ते से जुड़े थे। सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह ने बताया कि इसी दस्ते के आठ अन्य नक्सली छत्तीसगढ़ में पहले ही आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 15 झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, रांची, सरायकेला और गिरिडीह के निवासी हैं, जबकि एक नक्सली ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 93 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 45 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 22 नक्सली मारे गए हैं। डीजीपी ने कहा कि लगातार अभियान, संगठन के भीतर बढ़ते असंतोष और सरकार की पुनर्वास नीति के कारण माओवादी संगठन कमजोर पड़ रहा है। उन्होंने शेष सक्रिय नक्सलियों से भी हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने और पुनर्वास योजना का लाभ उठाने की अपील की।




## झारखंड की हॉकी टीम कोयंबटूर होगी रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** 28 जुलाई से 8 अगस्त तक तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप-2026 में भाग लेने वाली झारखंड टीम बुधवार को रवाना होगी। इससे पहले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हॉकी झारखंड के पदाधिकारी, प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद रहे। खिलाड़ियों को जर्सी, ट्रैक सूट सहित अन्य आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज प्रसाद ने कहा कि राज्य हमेशा देश को प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी देता रहा है। उन्हें विश्वास है कि जूनियर टीम इस बार भी दमदार प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत की है और संगठन की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। टीम के कप्तान जूलियन टोपनो ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ चैंपियनशिप में उतरेंगे। उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब की दौड़ में मजबूत दावेदारी पेश करना है।

# चोरी के गहने खपाने वाला कारोबारी गिरफ्तार, 65 लाख के आभूषण बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित अशोक नगर में हुई करोड़ों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बिहार के मुजफ्फरपुर से आभूषण कारोबारी समीर खान उर्फ कबीर खान को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 400 ग्राम सोने तथा हीरे के आभूषण बरामद किए गए हैं, जिनकी बाजार कीमत लगभग 65 लाख रुपये बताई जा रही है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 9 जुलाई 2026 को अशोक नगर निवासी निशित केसरी और अखिलेश पांडेय के घरों में चोरी की वारदात के बाद अरगोड़ा थाना में कांड संख्या 172/26 दर्ज कर एसआईटी का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने पहले चोरी में प्रयुक्त जगुआर कार, 17.36 लाख रुपये नकद और कुछ आभूषण बरामद किए थे। जांच में खुलासा हुआ कि सीतामढ़ी के योगियागढ़ा निवासी शातिर चोर इरफान उर्फ उजाले उर्फ बाबा उर्फ आर्यन ने अपने दो साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, चोरी के जेवर समीर खान के पास पहुंचाए जाते थे, जो उन्हें खपाकर रकम इरफान तक पहुंचाता था। इसी आधार पर उसे गिरोह के वित्तीय सहयोगी के रूप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने समीर खान की निशानदेही पर मुजफ्फरपुर स्थित उसके ससुराल से करीब 400 ग्राम सोने और हीरे-मोती के आभूषण बरामद किए। अब तक इस मामले में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति बरामद की जा चुकी है। इससे पहले पुलिस इरफान की पत्नी गुलशन परवीन और शकीला उर्फ लाडली को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में पता चला कि गिरोह का सरगना इरफान वारदात से पहले पॉश इलाकों की रेकी कर सैटेलाइट की थ्री-डी इमेज के जरिए घरों की पहचान करता था। मुख्य आरोपी इरफान अब भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।




# अवैध कोयला कारोबार से जुड़े 25 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अवैध कोयला कारोबार और उससे जुड़े वित्तीय लेनदेन की जांच के सिलसिले में धनबाद में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। ईडी की अलग-अलग टीमों ने सीआरपीएफ की सुरक्षा में जिले के 25 से अधिक ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई शुरू होते ही पूरे कोयलांचल में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, करीब 50 वाहनों के काफिले के साथ पहुंची ईडी की टीमों ने चर्चित कोयला कारोबारी अनिल गोयल के पुराना बाजार डुमरियाटांड़ स्थित आवास और कपुरिया स्थित कोयला भट्ठे की तलाशी ली। इसके अलावा उनके सहयोगी शब्बीर के घर भी जांच की गई। बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग संचालक एलबी सिंह के करीबी रंजीत सिंह, कारोबारी दीपक पोद्दार, राजेश साव, कांग्रेस नेता इम्तियाज अली, हरेंद्र चौहान, रोहित यादव, पप्पू मंडल और रितेश शर्मा के ठिकानों पर भी ईडी ने दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की। सरायढेला स्थित एसके शर्मा एंड एसोसिएट्स कार्यालय में भी अधिकारियों ने छानबीन की। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अवैध कोयला कारोबार, मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों की जांच का हिस्सा है। ईडी अधिकारियों ने कई स्थानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य साक्ष्य अपने कब्जे में लिए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले नवंबर 2025 में भी ईडी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में अवैध कोयला कारोबार से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। मंगलवार की कार्रवाई को उसी जांच की अगली कड़ी माना जा रहा है। देर शाम तक सभी स्थानों पर ईडी की तलाशी और पूछताछ की कार्रवाई जारी रही।




# झारखंड में एसआइआर की समय सीमा बढ़ाने की मांग खारिज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस का शिष्टमंडल मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिला। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर सावन और श्रावणी मेला के दौरान लोगों की व्यस्तता का हवाला देते हुए गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया। कांग्रेस ने एएसडीडी सूची में करीब 40 लाख नाम होने पर भी चिंता जताई और कहा कि संथाल समेत कई जिलों में अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। हालांकि, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई ही रहेगी और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप 5 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपत्तियां और दावे दर्ज कराने की अवधि बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन गणना प्रपत्र जमा करने की समयसीमा नहीं बदलेगी। साथ ही बताया कि श्रावणी मेला को लेकर देवघर और दुमका से प्रस्ताव मिलने पर उसे चुनाव आयोग के समक्ष रखा जाएगा। सीईओ ने मतदाताओं से निर्धारित समय के भीतर गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा करने की अपील की।



# टाटा मोटर्स के साथ झारखंड सरकार का करार, खुलेगा अत्याधुनिक चालक प्रशिक्षण संस्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अत्याधुनिक चालक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर) की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। जमशेदपुर में टाटा मोटर्स के सहयोग से बनने वाले इस संस्थान को लेकर मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य सरकार के परिवहन विभाग और टाटा मोटर्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुआ। यह संस्थान पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित होगा। जमशेदपुर के मनपीठा मौजा में 11.88 एकड़ भूमि पर इसका निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। संस्थान के भवन निर्माण पर 22.30 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसमें राज्य सरकार 3.21 करोड़, केंद्र सरकार 17 करोड़ और टाटा मोटर्स 1.82 करोड़ रुपये का योगदान देगी। संस्थान में चालकों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुल 30 घंटे के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 घंटे सैद्धांतिक और 15 घंटे व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा। यहां एलएमवी और एचएमवी ड्राइविंग सिम्युलेटर, प्राथमिक उपचार, दुर्घटना के बाद की स्थिति से निपटने और रोजगार आधारित उद्योग प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। संस्थान में 50 पुरुष और 25 महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास और मेस की व्यवस्था भी रहेगी। निर्माण कार्य झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एमओयू पर खुशी जताते हुए कहा कि झारखंड में इस तरह के प्रशिक्षण संस्थान की लंबे समय से जरूरत थी। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स के सहयोग से यह पहल युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को भी आसान बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 10 हजार तैयार ड्राइविंग लाइसेंस में से सांकेतिक रूप से कुछ युवाओं को लाइसेंस वितरित किए। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह समेत राज्य सरकार और टाटा मोटर्स के अधिकारी मौजूद रहे।




# श्रावणी मेले में हाइटेक सुरक्षा, एआई ड्रोन और फेस रिकग्निशन कैमरों से होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची/देवघर।** झारखंड के देवघर और दुमका में 30 जुलाई से शुरू हो रहे एक माह के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले के लिए प्रशासन ने हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की है। मेले के दौरान 11,500 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ एआई आधारित ड्रोन, फेस रिकग्निशन कैमरे और अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली तैनात रहेगी। हर वर्ष इस मेले में 35 से 40 लाख श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम और बाबा बासुकीनाथ धाम में जलार्पण के लिए पहुंचते हैं। देवघर के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि शहर और आसपास 100 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं तथा हजारों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और आसपास एआई आधारित ड्रोन निगरानी, फेस रिकग्निशन कैमरे, एकीकृत मेला नियंत्रण कक्ष, एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, चैटबॉट और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरे भी लगाए गए हैं। मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए 1,200 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में सीआरपीएफ की तीन कंपनियां, रैपिड एक्शन फोर्स, झारखंड जगुआर की दो टीमें, बम निरोधक दस्ता और शिवगंगा तालाब पर एनडीआरएफ की टीम भी तैनात रहेगी। दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ धाम में स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, सुरक्षा, ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी, खोया-पाया केंद्र और श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# तीन करोड़ का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर में बने गुप्त तहखाने से 280 किलो गांजा बरामद किया है। साथ ही दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने की है। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी भी मौजूद रहे। बिहार में शराबबंदी के बाद से सुखा नशा करने का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जांच चौकी पर तीन करोड़ रुपए के मूल्य का भारी-भरकम गांजा की तस्करी को रोका गया है। उत्पाद अधीक्षक गणेश चंद्रा के निर्देशन पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच चौकी पर उत्पाद बलों के द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह एक मिनी कंटेनर ट्रक संख्या पीबी10एफएफ8269 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में कंटेनर के पिछले भाग में बने तहखाने से 27 पैकेटों में बंद कुल 279.87 किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे के पैकेट में प्रत्येक से लगभग 10.5 किलो गांजा बरामद किया गया है। गांजे की तस्करी में जुटे कंटेनर चालक पंजाब के लुधियाना जिले के मोतीनगर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी दयाराम के पुत्र राजेंद्र कुमार एवं उपचालक गुरु प्रसाद के पुत्र अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के अनुसार गांजे की खेप को हजारीबाग से पटना के जीरो माइल ले जाना था। पटना के जीरो माइल में दूसरे तस्कर के लोकेशन पर गांजे की खेप को ले जाना सुनिश्चित था। इसी बीच रजौली में उत्पाद बलों के हत्थे चढ़ गए। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त गांजा व मिनी कंटेनर ट्रक के अलावे गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों से अन्य जानकारियां ली जा रही है। गांजे की तस्करी रोकने की खबर से माफियाओं में भय का माहौल व्याप्त है। इस मौके पर उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह व एएसआई पंकज कुमार के साथ उत्पाद बल एवं गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।



# सुल्तानगंज को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक केंद्र बनाने की घोषणा

## श्रावणी मेला शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर/सुल्तानगंज।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सुल्तानगंज स्थित उत्तरवाहिनी गंगा तट के नमामि गंगे घाट (जहाज घाट) पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा करते हुए कहा कि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाया जाएगा। अजगैबीनाथ धाम से अगुवानी घाट तक रोप-वे का निर्माण होगा तथा भागलपुर से मुंगेर तक करीब 83 किलोमीटर लंबा गंगा पथ (मरीन ड्राइव) विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, नए टाउनशिप और पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगुवानी-सुल्तानगंज गंगा पुल का निर्माण 31 दिसंबर 2027 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। सुल्तानगंज-देवघर फोरलेन सड़क का निर्माण बरसात के बाद तेज किया जाएगा, जबकि नई रेललाइन परियोजना की प्रक्रिया भी आगे बढ़ चुकी है। अजगैबीनाथ धाम में हरिद्वार की तर्ज पर घाटों का विकास, डॉल्फिन पर्यटन, गंगा पार्क और रोप-वे परियोजना भी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने श्रावणी मेले को दुनिया के सबसे बड़े आस्था पर्वों में से एक बताते हुए कहा कि सरकार के सभी विभाग श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'श्रावणी मेला 2026' मोबाइल ऐप और पर्यटन विभाग की पुस्तिका का लोकार्पण किया। उन्होंने कांवरिया पथ पर बने सेवा शिविर का उद्घाटन भी किया। समारोह में कई मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




# पचंबा लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने पचंबा थाना क्षेत्र में मछली व्यवसायी से हथियार के बल पर हुई ₹2.07 लाख की लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल तथा लूट की रकम में से ₹10 हजार नकद बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। 23 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9 बजे मोहनपुर वन विभाग कार्यालय के सामने गिरिडीह जमुआ मुख्य मार्ग पर दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक मछली व्यवसायी से बैग सहित




₹2.07 लाख लूट लिए थे। मामले में पचंबा थाना कांड संख्या-72/26 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक-2 श्री रूपेन्द्र कुमार राणा के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (सीट) का गठन किया गया तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसआईटी ने इस कांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार वर्मा, पप्पू प्रसाद वर्मा, विजय राय उर्फ बाबा, अशोक दास तथा शंकर दास उर्फ भांगड़ा शामिल हैं। पूछताछ के दौरान



आरोपियों ने 2 जुलाई 2026 को गांडेय थाना क्षेत्र के बंधाबाद गांव में एक फाइनेंस कर्मी से हथियार के बल पर ₹1.46 लाख की लूट की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के कब्जे से दो देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की दो मोटरसाइकिल तथा लूट की रकम में से ₹10 हजार नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में विजय राय उर्फ बाबा, शंकर दास उर्फ भांगड़ा और अशोक दास के विरुद्ध पूर्व से भी हत्या, लूट, डकैती, चोरी, पॉक्सो समेत विभिन्न गंभीर मामलों में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।इस पूरे अभियान का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक-2 रूपेन्द्र कुमार राणा ने किया। छापेमारी दल में पचंबा, गांडेय, बेंगाबाद थाना, अनुसंधान सेल, पुलिस केंद्र गिरिडीह एवं तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसडीओ ने विशेष मतदाता शिविरों का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के शहरी इलाके के सभी 185 मतदान केंद्रों पर सोमवार को विशेष मतदाता सुविधा शिविर



आयोजित किए गए। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) धीरेंद्र कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर शिविरों की व्यवस्थाओं और चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक अभियान की पहुंच सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं से बातचीत कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी को सहज और सुगम तरीके से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाया जा रहा यह अभियान मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित अधिकारियों से पूरी गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा उन्होंने 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर गणना प्रपत्र प्राप्त करें, उसे सही ढंग से भरकर निर्धारित अवधि के भीतर जमा करें। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और इसे तैयार करने में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौडीहा बाजार में वज्रपात का कहर : जानवर चराने गए 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरादोहर ग्राम जवाड में सोमवार देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से 50 वर्षीय सुंदर भुइयां की मौत हो गई। वे विष्णुदेव भुइयां के पुत्र थे। बताया गया कि सुंदर भुइयां घर के पास जानवर चरा रहे थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों व पेड़ों के नीचे नहीं जाने की अपील की है।

### चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने 30 जुलाई की रांची रैली को सफल बनाने का लिया संकल्प

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ, जिला शाखा गिरिडीह की एक विशेष बैठक 26 जुलाई को जिला अध्यक्ष मुकेश रवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के जिला मंत्री जवाहर लाल दास ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्य स्तरीय चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 30 जुलाई 2026 को रांची के मोराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक रैली एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें गिरिडीह जिले से भी बड़ी



संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पासवान ने कहा कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सरकार के सबसे निचले स्तर पर कार्य करते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं और मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से 30 जुलाई की रैली में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की बैठक के मुख्य अतिथि एवं संघ के राज्य अध्यक्ष सहदेव प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी बिहार सेवा शर्तों सहित कई नियम अब तक लागू हैं, जिससे चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पदोन्नति सहित विभिन्न सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पवन कुमार यादव, मो. सफी अहमद, पवन राणा, विपिन कुमार, शोभा कुमारी, अजीत हांसदा, सुजीत महतो, अनिल मांझी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### डुमरी में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर सफल, 87 युवाओं को मिला लर्निंग लाइसेंस


**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के निर्देश एवं उपायुक्त रामनिवास यादव के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित विशेष ड्राइविंग लाइसेंस अभियान के तहत सोमवार को डुमरी प्रखंड में नवशिखुवा चालकों के लिए विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर वैध



ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया पूरी की शिविर के दौरान कुल 96 अभ्यर्थियों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और ऑनलाइन परीक्षा के बाद 87 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए, जिन्हें जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। वहीं 9 अभ्यर्थी परीक्षा में सफल नहीं हो सके, जिन्हें नियमानुसार दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्रत्येक चालक की कानूनी जिम्मेदारी होने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### एस्बेस्टस गिरने से 15 वर्षीया किशोरी की मौत, जर्जर आवास ने ली एक और जान

**बरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरही पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ गांव में सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीया मनीषा कुमारी की मौत हो गई। वर्षा के दौरान जर्जर मकान की एस्बेस्टस शीट टूटकर उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल, बरही ले गए, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतका के पिता बबलू भुइयां का परिवार अत्यंत जर्जर मकान में रह रहा था। बताया जाता है कि 18 सदस्य एक ही पुराने और क्षतिग्रस्त घर में रहने को विवश हैं। लगातार बारिश के कारण मकान



की हालत और भी खराब हो गई थी। शाम करीब छह बजे अचानक एस्बेस्टस की छत टूटकर मनीषा के ऊपर आ गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर आवास योजना का लाभ मिल जाता, तो शायद एक मासूम की जान बच सकती थी। हादसे ने ग्रामीण आवास योजनाओं के क्रियान्वयन और पंचायत स्तर पर विकास के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने बताया कि पीड़ित परिवार का नाम अंबेदकर आवास योजना की प्राथमिक सूची में शामिल है। पूर्व में तत्कालीन बीडीओ द्वारा निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन अब तक आवास स्वीकृत नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार प्रयास किए गए। उन्होंने बताया कि मृतका के दो भाई और दो बहन थे । अब तक किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जा सका है । वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया कि फिलहाल प्रखंड को आवास का आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 दिनों के भीतर अंबेदकर आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मुआवजे के संबंध में उन्होंने बताया कि मृतका अविवाहित थी, इसलिए वर्तमान सरकारी प्रावधानों के अनुसार किसी आर्थिक सहायता का प्रावधान नहीं है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 45 से अधिक फरियादियों ने बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड समेत अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए अधिकारी समयबद्ध कार्रवाई करें।जनता दरबार के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने तथा लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

# संस्कृति बोध प्रतियोगिता की तैयारियां तेज विभाग प्रमुख की अध्यक्षता में रूपरेखा तय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में आगामी विभाग स्तरीय एवं प्रांत स्तरीय संस्कृति बोध परीक्षा-2026 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे बैठक में 22 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विभाग स्तरीय तथा 5-6 सितंबर 2026 को प्रस्तावित प्रांत स्तरीय संस्कृति बोध परीक्षा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिम्मेदारियों का वितरण किया गया बैठक में सर्व व्यवस्था, प्रतियोगिता संचालन, मूल्यांकन, मंच संचालन, वंदना, साज-सज्जा, अतिथि सत्कार, भोजन एवं परिवेषण, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, गणित प्रश्न मंच, आशु भाषण, मूर्तिकला सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग आचार्यों एवं दीदी को दायित्व सौंपे गए विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी दायित्वधारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि संस्कृति बोध परीक्षा भारतीय संस्कृति, संस्कार और ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# वैध लाइसेंस से ही करें वाहन संचालन, सड़क सुरक्षा की निभाएं जिम्मेदारी : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा परिवहन सेवाओं को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से ड्राइविंग लाइसेंस निर्गमन अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में 15 लाभुकों को सांकेतिक रूप से ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वैध ड्राइविंग लाइसेंस केवल कानूनी आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक होने का भी महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करने और



सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को लाइसेंस निर्गमन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, त्वरित और नागरिक हितैषी बनाने का निर्देश दिया उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुगम सरकारी सेवाएं पहुंचाना है, ताकि लोगों को बिना अनावश्यक विलंब के लाभ मिल सके इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जून 2026 में जिले में कुल 1,779 ड्राइविंग एवं लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए। इनमें 906 स्थायी (ड्राइविंग) लाइसेंस, 798 लर्निंग लाइसेंस तथा 75 हैवी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस शामिल हैं उन्होंने बताया कि जारी किए गए 906 स्थायी लाइसेंसों में 893 पुरुष और 13 महिलाएं, जबकि 798 लर्निंग लाइसेंसों में 783 पुरुष और 15 महिलाएं लाभार्थी हैं। परिवहन विभाग आवेदन से लेकर ड्राइविंग परीक्षण और लाइसेंस निर्गमन तक की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से संचालित कर रहा है जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार सड़क संस्कृति के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# खेल महोत्सव में डीएवी सीसीएल ने जीते स्वर्ण पदक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीएवी खेल महोत्सव क्लस्टर स्तरीय-6 के तहत बोकारो में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल स्पधाओं में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अंडर-17 बालक वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया। बास्केटबॉल में अंडर-17 और अंडर-19 बालक वर्ग की




टीमों ने रजत पदक जीता, वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। शतरंज की अंडर-19 बालिका स्पर्धा में विद्यालय की खिलाड़ी ने रजत पदक जीता, जबकि खो-खो के अंडर-19 बालिका वर्ग में टीम को रजत पदक मिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक वर्ग में आहिल राजा और अंश कुमार ने रजत तथा आयुष कुमार दास ने कांस्य पदक जीता। अंडर-17 वर्ग में कमलेश कुमार ने रजत और प्रेम कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में दीपांकर कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया बैडमिंटन प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्पर्धा के अंडर-14 बालिका वर्ग में शिवांशी कुमारी ने रजत पदक जीता। अंडर-17 बालिका वर्ग में राशि कुमारी और अंडर-17 बालक वर्ग में अंकित कुमार ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। युगल स्पर्धा में अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका वर्ग ने स्वर्ण पदक, अंडर-19 बालक वर्ग ने रजत तथा अंडर-14 बालक वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया।

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की बैठक पूर्णिमा पांडेय ने कार्यकताओं को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडेय ने हुसैनाबाद में संगठन के पदाधिकारियों के साथ एसआईआर (मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण) की समीक्षा बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटने देने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी बनाने और मतदाता संबंधी



शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शैलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, जिला सचिव सुनीता श्रीवास्तव, सतीश कुमार चौबे, मालती देवी, अम्बिका सिंह, सुधीर सिंह, सुरेंद्र पासवान सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यूथ विंग ने ट्रैफिक पुलिस जवानों को बांटे रेनकोट, सेवा और सम्मान का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग ने मंगलवार को सीसीआर प्रांगण में ट्रैफिक पुलिस जवानों के सम्मान एवं सुरक्षा के उद्देश्य से रेनकोट वितरण कार्यक्रम के दूसरे चरण का आयोजन किया। इस दौरान 70 से अधिक ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। मंच का संचालन सेजल सिंह एवं वर्षा डे ने संयुक्त रूप से किया, जबकि संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल ने स्वागत भाषण देते हुए ट्रैफिक पुलिस जवानों का अभिनंदन किया। इसके बाद जवानों को कतारबद्ध तरीके से



रेनकोट प्रदान किए गए। लगभग 30 मिनट तक चले इस कार्यक्रम में सेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। रेनकोट प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग ने ट्रैफिक पुलिस जवानों के सम्मान का सराहनीय उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुलिसकर्मियों के सम्मान और सहयोग के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास प्रेरणादायी हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 में शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों बीएलओ को अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान बेहतर लोकतंत्र की पहचान है और इससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती है सम्मानित होने वाले बीएलओ में गुलशन बानो, जीनत आरा, रेनू देवी, सुनीता देवी, भारती लोहानी, वीणा कुमारी, दीपक कुमार सिंह, निखत परवीन, मनीषा देवी और लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं। इन सभी ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर निर्धारित समय में गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण एवं डिजिटाइजेशन



कर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन, नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण, आवश्यक संशोधन तथा गणना प्रपत्रों का समयबद्ध वितरण और डिजिटाइजेशन जैसे कार्य बीएलओ की जिम्मेदारी और कार्यकुशलता को दर्शाते हैं।उन्होंने सम्मानित सभी बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रशासन भविष्य में भी बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों का उत्साहवर्धन करता रहेगा, ताकि निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो सकें।

# बालिका गृह से पांच बच्चियां लापता

- प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप
- तीन बरामद, दो की तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के बालिका गृह से पांच बच्चियों के एक साथ गायब होने की घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है। मामला सामने आते ही प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। आखिर इतनी कड़ी निगरानी वाले बालिका गृह से बच्चियां बाहर कैसे निकल गईं, यह सवाल अब जांच के घेरे में है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल छापेमारी अभियान शुरू किया गया और लापता बच्चियों की तलाश में कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की तफ्तीश तेज कर दी है।बेगूसराय के अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि लापता पांच बच्चियों में से तीन को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है, जबकि दो बच्चियों की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस का दावा है कि हर एंगल से मामले की पड़ताल की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा। घटना ने बालिका गृह की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निगरानी व्यवस्था मजबूत होती तो इतनी बड़ी चूक सामने नहीं आती। सवाल यह भी उठ रहा है कि सुरक्षा में तैनात कर्मियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति पैदा हुई या फिर इसके पीछे कोई और साजिश है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बच्चियां किस परिस्थिति में बालिका गृह से बाहर निकलीं और इसमें किसी बाहरी व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है। प्रशासन ने साफ किया है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दो बच्चियों की बरामदगी पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस घटना के बाद जिले के अन्य बालिका गृहों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग भी तेज हो गई है। मामला अब सिर्फ लापता बच्चियों का नहीं, बल्कि सरकारी संरक्षण व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही का गंभीर सवाल बन चुका है।

## कार्यकर्ताओं से मिले परिवहन मंत्री

**जमुई/झाझा।** परिवहन मंत्री एवं झाझा के जदयू विधायक दामोदर रावत ने सोमवार को झाझा स्थित जदयू कार्यालय में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान समय में एनडीए देश और बिहार का सबसे मजबूत गठबंधन है, जिस पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आम लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने तथा उन्हें संबंधित स्तर तक पहुंचाकर समाधान सुनिि[illegible]त कराने का अपील किया। कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर बिहार में एनडीए सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार को विकास की नई दिशा देने के लिए किए गए कार्यों और वर्तमान सरकार द्वारा उन योजनाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों से भी जनता को अवगत कराएं।

# गयाजी जंक्शन को डिविजन बनाने की मांगों को ले धरना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज गया रेलवे जंक्शन परिसर में कॉंग्रेस पार्टी के बैनर तले गया जंक्शन को रेल्वे डिविजन बनाने सहित वर्षो से लंबित दर्जनों मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुंना ने किया ।

कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मि[illegible], पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, सुनील कुमार पासवान, सैफुल इस्लाम, नवीन कुमार गुप्ता, उपेंद्र द्विवेदी, निरु देवी, सुनैना देवी, पूनम कुमारी, अंशु सिन्हा, नवीन कुमार गुप्ता, नेयाज अशरफ, मोहम्मद शामिम, बाबूलाल प्रसाद आदि ने कहा कि अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला पूर्व- मध्य रेल्वे के वर्ल्ड क्लास निर्माणाधीन गया रेल्वे जंक्शन को रेल्वे का डिविजन बनाने, गया से मुंबई, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद, पूरी आदि स्थानों के लिए गया से सीधी ट्रेन खोलने, वर्षो से बंद वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकार, खिलाड़ियों आदि को रेलवे टिकट में मिलने वाले रियायत को फिर से चालू कराने, गया टाउन सीप एरिया अंतर्गत आने वाले चाकन्द, बेलागंज, इश्वर चौधरी हालट, मानपूर, बंधुआ, पैमार, करजरा, काष्ठा आदि रेल्वे स्टेशन का चहुंमुखी विकास, गया जिला अंतर्गत कई सड़कों पर अवस्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, टेंपो, टोटो से 24 घंटे में एकबार 25 रुपया ठेकेदारी लेने, गया रेल्वे जंक्शन के वृहद भूखण्ड में मॉल, व्यवसायिक केंद्र विकसित करने, कोरोना के समय से पैसेंजर ट्रेन के नाम में स्पेशल जोड़ कर एक्स्प्रेस ट्रेन के बराबर भाड़ा लेने की परम्परा को समाप्त कर फिर से पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा लेना, गया से पटना के लिए रात्रि में 08 बजे से 09 बजे के अंदर कोई नया पैसेंजर ट्रेन शुरू करने, गया रेल्वे जंक्शन से बोधगया, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, आई आई एम के लिए लगातार 24 घंटे रिंग बस चलाने आदि मांगों को पूरा नहीं होने से मध्य- दक्षिण बिहार के लोगों में भयानक आक्रोश और मायूसी है।

नेताओं ने धारणा समाप्ति के उपरांत गया रेल्वे जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक से मिल कर केंद्रीय रेल्वे मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम एक विस्तृत ज्ञापन भी दिया।

# कब्र खोदकर निकाला गया कंकाल

**डायन-बिसाही के संदेह में चार साल पूर्व हुई थी हत्या**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के नवागढ़ बैगाटोली निवासी मलकन बैगा (65) का चार वर्ष बाद हत्या की आशंका में कब्र से शव निकालकर पुलिस ने जांच शुरू की है।

मंगलवार को रायडीह पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र खोदकर मलकन बैगा का कंकाल बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा।

हालांकि नर कंकाल होने के कारण सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम संभव नहीं हो सका। अब कंकाल को पोस्टमार्टम और वैज्ञानिक जांच के लिए रांची रिम्स भेजा जाएगा।

जानकारी के अनुसार, मलकन बैगा की मौत सात जून 2022 को हुई थी और उसी समय उसका शव दफन कर दिया गया था। करीब चार वर्ष बाद, 13 जुलाई 2026 को मृतक की पुत्री उर्मिला देवी (35) ने रायडीह थाना में 9 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।

प्राथमिकी में नवागढ़ बैगाटोली निवासी दीपक बैगा, गंगा बैगा, राजेश बैगा, देवकी देवी, पुको देवी, हीरा बैगा, जबली देवी, सुकरो देवी और सुमरई देवी को आरोपित बनाया गया है।

उर्मिला देवी ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उसके पिता की डायन-बिसाही के संदेह में हत्या की गई थी। एक जून 2022 को मलकन बैगा धान रोपनी के लिए संगत के साथ गए थे।

काम समाप्त होने के बाद जब सभी लोग अपने-अपने घर लौट गए, तब आरोपितों ने लाठी-डंडे से उनके साथ मारपीट की और उन्हें मरा हुआ समझकर छोड़ दिया।

आरोप है कि इस दौरान दीपक बैगा ने कहा था कि तुमने तंत्र-मंत्र कर मेरे बेटे वीरेंद्र बैगा की हत्या की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि सात जून 2022 को सभी आरोपित फिर मलकन बैगा के घर पहुंचे और उनकी हत्या कर दी।

## उड़ीसा में गूंजेगा बटोहिया गीत

**रसूलपुर।** आगामी 2 अगस्त को उड़ीसा के जगन्नाथ धाम में केन्द्रीय संस्कृत विवि श्री सदाशिव पुरी प्रांगण में आयोजित एक सम्मेलन में रघुवीर नारायण रचित प्रसिद्ध बटोहिया गीत गूंजेगा। गीत के साथ महेंद्र मिसिर व भिखारी ठाकुर की रचनाओं पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुति होगी। उड़ीसा के बौद्ध जिले में स्थापित ज्ञान प्रकाश के दसवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित बौद्धिक सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों के लोक-संस्कृति की प्रस्तुति होगी जिसमें भोजपुरी की रचना बटोहिया का चयन किया गया है, जिसे सारण जिले के शिक्षक सह लोक गायक रामेश्वर गोप प्रस्तुत करेंगे।

प्रसार भारती भारत सरकार के आकाशवाणी व दूरदर्शन के ग्रेड ए के लोक गायक श्री गोप के अनुसार उनके और भोजपुरी के लिए यह गर्व की बात है।एक दिवसीय सम्मेलन में ओडिसी, असमिया,बंगाली,तमिल आदि लोक-संस्कृति के बीच अपने सारण जिले से जुड़े बाबू रघुवीर नारायण की चर्चित व भोजपुरी का राष्ट्रीय गीत के रूप में प्रसिद्ध रचना 'सुंदर सुभूमि भैया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया'का गायन देश के कोने-कोने से आये विद्वान सुनेंगे।

# लीग की तैयारियों को लेकर बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला सेपक टेकरा एसोसिएशन की ओर से सोमवार शाम किरण पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सेपक टेकरा अस्मिता लीग के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, खिलाड़ियों की भागीदारी, आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं तथा विभिन्न जिम्मेदारियों के निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया बैठक में राजीव सिंह, मुन्ना कुशवाहा, राजेश सिन्हा, नूरुल, अली रजा, शहदाब, विवेक, नरेश तथा संजय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने और जिले में सेपक टेकरा के विकास के लिए इस प्रतियोगिता को सफल बनाने का आ[illegible]न किया।

## सेवानिवृत शिक्षक हुए ठगी के शिकार

**दनियावां/फतुहा ।** दनियावां में साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड शिक्षक कुमार अनिल को झांसे में लेकर उनके दो बैंक खातों से कुल चार लाख सात हजार की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का डायरेक्टर बताकर विश्वास में लिया और बातचीत के दौरान बैंक खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर उनके खातों से ऑनलाइन निकासी कर ली गई। पीड़ित ने बताया कि साइबर अपराधियों ने उनके पीएनबी खाते से तीन लाख तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के खाते से एक लाख सात हजार निकाल लिए। मोबाइल पर लेन-देन के संदेश आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। घटना के बाद रिटायर्ड शिक्षक अनिल के८मर ने मामले की लिखित शिकायत साइबर थाना और स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और साइबर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित हुए संजीव कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के लिए गर्व की बात है कि सदर प्रखंड स्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, धनयडीह के नोडल शिक्षक संजीव कुमार का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए जिला चयन समिति द्वारा जिला स्तर पर चयन किया गया है। अब उनका नाम राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा।संजीव कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विद्यालय में नामांकन बढ़ाने, बाल संसद के प्रभावी संचालन तथा सामुदायिक सहभागिता को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों की सहभागिता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। गौरतलब है कि इससे पहले भी श्री कुमार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए झारखंड राज्य स्तर तक चयनित हो चुके हैं। इस बार जिला स्तर पर चयन होने के बाद उनके राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है अपनी उपलब्धि पर वे इसे व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, विद्यालय परिवार, अभिभावकों, सहकर्मियों और शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

# उसरी नदी बचाने को ले मानव श्रृंखला दो को



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के चतरो स्थित बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री द्वारा उसरी नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाने की योजना के विरोध में सोमवार को मोहनपुर दुर्गा मंडप के समीप ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर पाइपलाइन बिछाने का विरोध किया तथा घोषणा की कि किसी भी कीमत पर उसरी नदी का पानी फैक्ट्री तक नहीं पहुंचने दिया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री से प्रदूषण फैल रहा है और इसे भी तत्काल बंद किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने आंदोलन को और व्यापक बनाने के लिए 2 अगस्त को उसरी वाटर फॉल के समीप नदी पुल से गिरिडीह शहर की ओर मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया। साथ ही इसके बाद उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की भी घोषणा की गई। बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। उपस्थित लोगों ने कहा कि उसरी नदी गिरिडीह की जीवनरेखा है और इसके जल का औद्योगिक उपयोग किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में कोडरमा सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता दिनेश यादव, भाजपा गिरिडीह महानगर अध्यक्ष रणजीत राय, उसरी बचाओ अभियान के संयोजक एवं माले नेता राजेश सिन्हा, कन्हाई पाण्डेय, जेकेएलएम के केंद्रीय संयुक्त महासचिव नागेंद्र चंद्रवंशी, झामुमो नेता हसनैन अली, उप प्रमुख सौरभ त्रिवेदी, गादी श्रीरामपुर मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य रंजीत राय सहित विभिन्न गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे मोहनपुर, चतरो, गंगापुर, झलकडीहा, गादी श्रीरामपुर, मंझलाडीह, तुरुकडीहा, विश्वासडीह, पूर्णानगर, अजीडीह, हरसिंहरायडीह, भोरंडीहा और हेठपहरी समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने बैठक में भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## विद्यालय में हुआ पौधरोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में सोमवार को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड संख्या-9 की पार्षद संगीता कुमारी विशेष रूप से शामिल हुईं। इस दौरान पूर्ण पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विद्यालय की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का गठन किया गया बैठक के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं नवगठित समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। वार्ड पार्षद संगीता कुमारी ने विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा को सफल एवं निष्पक्ष तरीके से एसएमसी गठन कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पारदर्शी व्यवस्था, अभिभावकों की सहभागिता और बेहतर प्रबंधन से शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार होगा। साथ ही वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, पारदर्शिता और हरित पर्यावरण के निर्माण में सामूहिक भागीदारी का आ[illegible]ान किया।


**NAME CHANGE**

I BABITA D/O BIJAY KUMAR R/O-H6/226 Outer Circle Road Southpark Bistupur Sakchi Jamshedpur Singhbhum Jharkhand-831001 I have changed my name to BABITA KASHYAP.



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1348-2026-27, दिनांक 24.07.2026; कार्य का विवरण:** (i) बीआरपी-डीएच (34.76 किमी) अनुभाग के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली के लिए प्रस्ताव (ii) एसपीआर से सीजी (29.01 किमी) अनुभाग के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली के लिए प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,71,95,126; **बयाना राशि:** रु. 3,43,900; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1366-2026-27, दिनांक 24.07.2026; कार्य का विवरण:** सियालदह ऑफिसर्स कॉलोनी में बिल्डिंग सं. 256, टाइप-V में प्रत्येक 6 यात्री (जी+5) क्षमता की 2 अदद पैसेंजर लिफ्टों (निर्माता: मैसर्स भारत एलीवेटर्स एंड इंजीनियर्स प्रा. लि.) के लिए 3 वर्षों हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 6,74,947.68; **बयाना राशि:** रु. 13,500; **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1368-2026-27, दिनांक 24.07.2026; कार्य का विवरण:** केएनजी-एलजीएल अनुभाग में बॉक्स पुशिंग सिस्टम के साथ आरसीसी बॉक्सों द्वारा सीमित ऊंचाई के सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 84 एवं 93 के उन्मूलन के साथ रूफ कवर्ड आरसीसी यू-ट्रॉफ। **निविदा मूल्य :** रु. 15,84,702; **बयाना राशि:** रु. 31,700; **समापन अवधि:** 12 महीने (क्रमांक 1 के लिए), 36 महीने (क्रमांक 2 के लिए) तथा 8 महीने (क्रमांक 3 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 03.08.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.08.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-151/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/26/39, दिनांक 27.07.2026; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- **निविदा खुलने की तारीख:** 13.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (1) 10261017, 65 टीथ वाला गीयर व्हील, रु. 9,02,050/-। (2) 10265010, डब्ल्यूएपी-5 के लिए गीयर बॉक्स केस (मशीन्ड), रु. 0/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 17.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (3) 10265009, डिस्क ब्रेक अरेंजमेंट, रु. 3,68,090/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 12.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (4) 19261084, डीजल लोको स्टार्टर बैटरी 8 वोल्ट, 500 एएच (एलएम) लीड एसिड बैटरी इत्यादि की खरीददारी, रु. 9,14,550/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 17.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (5) 14261178, सिंगल सेक्शन डिजिटल टाइप एक्सल काउंटर इत्यादि के लिए फेज डिटेक्टर कार्ड पीडी1 की खरीददारी, रु. 1,70,870/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 14.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (6) 14261180, सिंगल सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर इत्यादि के लिए फेज डिटेक्टर कार्ड पीडी2 25 केएचजेड की खरीददारी, रु. 1,70,870/-। (7) 21260001, साइड बीयरर असेम्बली (स्प्रिंग लोडेड टाइप) की खरीददारी, रु. 1,78,760/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 01.09.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (8) 21261468, बीएमबीएस बोगी इत्यादि के लिए ब्रेक हेड, रु. 2,07,130/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 19.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (9) 11261623, ईओजी टाइप एसी कोचों/पावर कार इत्यादि के लिए इंटर वेहिकुलर कपलर यूनिट (500 एएमपी रेटिंग) की खरीददारी, रु. 10,91,910/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 12.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (10) 21261208, मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड डिजाइन-ए इत्यादि की खरीददारी, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 13.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (11) 20261073, ईएमयू के लिए ईपी ब्रेक यूनिट हेतु एप्लीकेशन मैग्नेट वॉल्व एवं होल्डिंग मैग्नेट वॉल्व का सेट, रु. 6,71,250/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 14.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (12) 10265005ए, फैब्रिकेटेड बोलस्टर अरेंजमेंट, ब्रेक रिगिंग एवं ब्रेक सिलिंडर के साथ सम्पूर्ण फ्लेक्सी क्वायल बोगी फ्रेम, रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 24.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (13) 11261580, सेल्फ प्राइमिंग मोनो ब्लॉक पम्प असेम्बली इत्यादि की खरीददारी, रु. 3,00,390/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 26.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (14) 11261023, यॉ डम्पर, रु. 9,74,120/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 24.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (15) 11261779ए, व्हील सेट अर्थिंग की खरीददारी, रु. 3,92,640/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 12.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (16) 07261002, मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, श्रेणी-ए2 (रुटाइल टाइप) की खरीददारी, कोटिंग का प्रकार: मीडियम विनिर्देश आईआरएस: एम-28/2020 एवं एसटीआर: आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू 01 संशो-03 के अनुसार, कोड आईएस: 814-2004 (आर 2016) के अनुसार, आकार: 4 मिमी x 450 मिमी, रु. 2,60,660/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 13.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (17) 10261593, मेन कम्प्रेशर 1750/1745 एलपीएम के साथ मोटर, रु. 15,08,960/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 14.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (18) 21261008ए, तारपोलिन क्लिट की खरीददारी, रु. 1,78,810/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 13.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (19) 07261150, मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, श्रेणी-ए2 की खरीददारी, कोटिंग का प्रकार: हेवी विनिर्देश आईआरएस: एम-28/2020 एवं एसटीआर: आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू 01 संशो-03 के अनुसार, कोड आईएस: 5206/2013 के अनुसार, आकार: 4 मिमी x 350 मिमी, रु. 7,01,730/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 08.09.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (20) 21261391, वीयर प्लेव इत्यादि के साथ स्ट्राइकर कॉस्टिंग (बीजी), रु. 5,29,700/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 10.09.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (21) 21261128, कंट्रोल रिजर्वर के साथ पाइप ब्रैकेट, रु. 2,43,360/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 08.09.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (22) 21261262, एयर ब्रेक होज कपलिंग सपोर्ट इत्यादि, रु. 3,17,480/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 18.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (23) 16261106, डिसचार्ज/अर्थिंग रॉड असेम्बली, रु. 1,31,960/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 20.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (24) 16261001, 10 केवीए, 25 केवी/240 वोल्ट, 10 केवीए सिंगल फेज, रु. 1,85,710/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 21.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (25) 08261145, वोल्टेज फेज कंट्रोल इत्यादि की खरीददारी, रु. 1,72,510/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 11.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (26) 1226-एचवीएन_10228, आरडीएसओ आरेख सं. (टी-10228 अल्ट. 1) के अनुसार इंड कट हाई विससिअस नॉयलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध, रु. 1,21,240/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 19.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (27) 1226-एचवीएन_10225, आरडीएसओ आरेख सं. (टी-10225 अल्ट. 1) के अनुसार इंड कट हाई विससिअस नॉयलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध, रु. 1,18,130/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 07.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (28) 1226-टीडब्ल्यूएस_फीटिंग्स, आरडीएसओ आरेख सं. टी-6155 अल्ट.-13 के अनुसार 1 इन 12, 60 किग्रा तथा आरडीएसओ आरेख सं. टी-6280, अल्ट-7 के अनुसार 1 इन 8.5, 60 किग्रा थीक वेब स्विच की फीटिंग्स, रु. 18,69,840/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 31.07.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (29) 1226_सीजीआरएसपी_8327, आरडीएसओ की आरेख सं. आरडीएसओ/टी-8327 के अनुसार 52 किग्रा रेलों के लिए 6.2 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रूव्ड रबड़ सोल प्लेट के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए 2 वर्षों का आरजीसी, रु. 1,29,360/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 14.08.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (30) 12261069, आरडीएसओ आरेख सं. टी-1899 से अल्ट. 1 के अनुसार 60 किग्रा हेतु फिश बोल्ट एवं नट, रु. 10,85,480/-। **निविदा खुलने की तारीख:** 31.07.2026, **समय:** 13.30 **बजे:** (31) 12261026, 1 मी लंबे फिश प्लेट 60 किग्रा टी-5916 की आपूर्ति, रु. 7,31,510/-। **निविदा लागत:** सभी के लिए रु. 0/-। **संशोधनियां:** नीचे उल्लेखित निविदा के लिए जारी संशोधनों के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें : 14265098 नियत तारीख 11.08.2026। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

(STORES-26/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर हंगामा, ग्रामीणों ने लगाए अनियमितता के आरोप

**मामला उर्दू उत्क्रमित विद्यालय सिकदारडीह का**



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के उर्दू उत्क्रमित विद्यालय, सिकदारडीह में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के पुनर्गठन के दौरान भारी हंगामा हुआ। आमसभा की शुरूआत से लेकर अंत तक शोर-शराबे का माहौल बना रहा और समिति के गठन की प्रक्रिया विवादों में घिर गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए शिक्षकों ने मनमाने ढंग से अपने चहेते लोगों को विद्यालय प्रबंधन समिति में शामिल कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि समिति में ऐसे लोगों को भी सदस्य बनाया गया है, जिनके बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत ही नहीं हैं, जबकि नियमानुसार अभिभावकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए हंगामे के बीच जब पत्रकार मौके पर पहुंचे तो मामला और गरमा गया। पत्रकारों द्वारा समिति गठन की प्रक्रिया और सदस्यों के चयन को लेकर पूछे गए सवालों का विद्यालय के प्रधानाध्यापक सब्बीर अंसारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके चुनाव प्रक्रिया से नाराज ग्रामीणों ने पूरे मामले की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से करने की बात कही है।

ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन की मांग की है।हालांकि, इस मामले में विद्यालय प्रबंधन या शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा दुमका एवं मधुपुर स्टेशनों में बहुउद्देशीय स्टॉल एवं दुमका स्टेशन में मोबाइल फूड वैन के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के तहत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए निम्नानुसार खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : (1) **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमपीएस-26-9, **सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, ई-नीलामी की तारीख/समय निम्नानुसार हैं:** (एए/1), एमपीएस-एएसएन-डीयूएमके-एमपीएस-29-25-1, दुमका रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर सीट सं. 15 एवं 16 के बीच 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति (महिला) के लिए चिन्हित, 05.08.2026 को 12.00 बजे। (एए/2), एमपीएस-एएसएन-डीयूएमके-एमपीएस-28-25-1, दुमका रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एवं ओआरएच चाहरदीवारी के संलग्न 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट) का आवंटन, अनारक्षित (महिला) के लिए चिन्हित, 05.08.2026 को 12.00 बजे। (एए/3), एमपीएस-एएसएन-एमडीपी-एमपीएस-1-24-1, मधुपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर खंभा सं. 293/1ए के निकट 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट) का आवंटन, 05.08.2026 को 12.00 बजे। (2) **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमएसएस-एसटीजीईएन18, **सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, ई-नीलामी की तारीख/समय निम्नानुसार हैं:** (एए/1), एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसटीजीएन-174-26-1, दुमका रेलवे स्टेशन की पुरानी स्टेशन बिल्डिंग के सामने, मुख्य प्रवेश/निकासी द्वार के बगल में स्थित मनोनित 240 वर्ग फीट परिमाप क्षेत्रफल (जैसा कि स्केच प्लान में उल्लेखित है) के भीतर 5 वर्षों की अवधि के लिए एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का संचालन एवं रखरखाव, 06.08.2026 को 12.00 बजे।

(ASN-197/2026-27) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मोबाइल झपटमारी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, सात मोबाइल और 13 हजार रू. बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 23 जुलाई को नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल झपटमारी की घटना का पुलिस ने महज छह घंटे में खुलासा कर दिया है। थानाध्यक्ष मुफस्सिल और उनकी टीम ने मानवीय सूचना, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस वारदात में शामिल 3 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। नवादा सदर -2 डीएसपी राहुल कुमार ने बताया सिरदला निवासी पीयूष कुमार इस्लामपुर से जरूरी काम निपटाकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उनका मोबाइल झपट लिया। पीड़ित के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 254/26 दर्ज किया गया। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका तरीका मोबाइल झपटकर सिम के जरिए म्यूल अकाउंट में फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करना था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष कुमार थाना नालंदा निवासी, अमन कुमार थाना नालंदा निवासी, नवनीत कुमार नूरसराय नालंदा निवासी के रूप में किया गया। पुलिस ने इनके पास से 7 मोबाइल और 13 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने 4 अन्य कांडों में भी संलिप्तता स्वीकार की है। इन सभी कांडों में छीने गए मोबाइल भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अन्य अपराधियों के नाम भी बताए हैं। मुख्य सरगना समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। निकटवर्ती थानों को भी सूचना दे दी गई है ताकि इनसे जुड़े अन्य मामलों का उद्भेदन किया जा सके। फिलहाल तीनों आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति, सत्यापन कार्य की प्रगति, सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना एवं योजनांतर्गत आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता (विद्युत), नवादा एवं रजौली को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने योजना के क्रियान्वयन के दौरान आ रही विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों एवं चुनौतियों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। जिला पदाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि बैंक ऋण (लोन) से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित बैंकों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यान्वयन एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन लाभुकों के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, उनके घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाई जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक लाभुकों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कई आवश्यक निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गयी कि नवादा नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 4,000 ऐसे विद्युत उपभोक्ता हैं जिनकी मासिक बिजली खपत 300 यूनिट से अधिक है।जिला पदाधिकारी ने ऐसे उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित कर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने तथा उन्हें योजना के लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता (विद्युत), नवादा एवं रजौली, संबंधित विभागीय पदाधिकारी तथा योजना से जुड़ी विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### कौआकोल का विक्रम 200 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय चैंपियन



**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य दिलीप रविदास के पुत्र विक्रम कुमार ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 200 मीटर दौड़ में विक्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विक्रम इससे पहले मध्यप्रदेश के मुरैना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। वर्तमान में वह टीएस कॉलेज, हिसुआ से बीए पार्ट-2 की पढ़ाई कर रहे हैं तथा पटना में नियमित प्रशिक्षण लेकर अपनी तैयारी को आगे बढ़ा रहे हैं। विक्रम की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने सड़क की जाम



**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के हाई स्कूल रोड स्थित वार्ड संख्या-03 में लगभग एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप रहने के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने जोगाचक मोड़ के समीप कौआकोल–पकरीबरावां मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कई दिनों से बिजली आपूर्ति बंद थी। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे पेयजल, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से वार्ता की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद नया ट्रांसफार्मर मौके पर पहुंचाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद मुख्य मार्ग पर यातायात सामान्य हो गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो वे फिर आंदोलन करेंगे।

# 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिला अधिवक्ता संघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय एवं माप-तौल संबंधी लंबित वादों के अधिक से अधिक सुलह के आधार पर निष्पादन करने के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके द्वारा उपस्थित अध्यक्ष एवं महासचिव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा से सहयोग करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के अतिरिक्त अध्यक्ष एवं महासचिव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत, नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज दिनांक 28.07.2026 को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवादा न्यायमंडल में लंबित वादों के मध्यस्थता के माध्यम से निष्पादन के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके द्वारा उपस्थित मध्यस्थगण से मध्यस्थता में सहयोग करने का आग्रह किया गया। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के अतिरिक्त सभी मध्यस्थगण बिपिन कुमार सिंह, विजय कृष्ण, भारत भूषण सिन्हा, मनोज कुमार, दिनेश प्रसाद, रविशंकर, निशा गुप्ता, रजा उस्मानी, डॉ. संजय कुमार मिश्रा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत, नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित हुए।

# वार्ड 44 में 15 वर्षों से जलजमाव, 20 बीघा रैयती जमीन प्रभावित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 44 में पिछले करीब 15 वर्षों से रैयती जमीन पर जलजमाव की समस्या बनी हुई है। लगभग 20 बीघा क्षेत्र में पानी जमा रहने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के कारण खेती प्रभावित होने के साथ-साथ आसपास मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। वार्ड पार्षद राकेश रंजन उर्फ रवि ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। उनके अनुसार, अनिल सिंह के विधायक रहने के समय से ही क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। पूर्व विधायक नीतू सिंह के कार्यकाल में भी समस्या को लेकर पहल की गई और पत्र के माध्यम से मामला उठाया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। राज्य योजना में भेजे जाने के बाद भी लोगों को समाधान की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। नगर परिषद अध्यक्ष भी स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि करीब एक किलोमीटर लंबा नाला बनाकर जलनिकासी की व्यवस्था की जाए। स्थानीय लोगों को माननीय एमएलसी अशोक यादव से उम्मीद है। पार्षद ने बताया कि एक माह पहले एमएलसी से इस संबंध में बात हुई थी और दो दिन पूर्व भी उनसे चर्चा की गई है। लोगों को अब जल्द समाधान की उम्मीद है।

# गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "संकल्प अभियान" का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "संकल्प अभियान" के शुभारंभ को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा एवं उपस्थित रहे एवं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अजित शंकर भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए तेजस सिन्हा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन एवं उनके विचार सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और सेवा का संदेश देते हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस "संकल्प अभियान" के माध्यम से व्यापक जनजागरण का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक पूरे नवादा जिले में मंडल एवं ग्राम स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क अभियान, संवाद कार्यक्रम, सामाजिक समरसता गोष्ठियां, संत गुरु रविदास महाराज के विचारों पर आधारित परिचर्चाएं तथा विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तेजस सिन्हा ने जानकारी दी कि अभियान के सफल संचालन हेतु जिला एवं मंडल स्तर पर टोलियों का गठन किया गया है। ये टोलियां जिले के प्रत्येक मंडल एवं ग्राम तक पहुंचकर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करेंगी तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगी।

### लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुल तीन परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें एक मामले का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। सुनवाई के दौरान नवलेश कुमार किरण की ओर से मुसहरी टोला में अस्थायी विद्यालय नहीं रहने से संबंधित ऑनलाइन द्वितीय अपील पर विचार किया गया। संबंधित विभाग से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर मामले की सुनवाई की गई। जिला प्रशासन ने बताया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार शिकायतों का निस्तारण दो माह के भीतर किया जाता है।

### बाल श्रम उन्मूलन अभियान में एक बाल श्रमिक मुक्त

**नवादा**। श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर मंगलवार को नवादा प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष धावादल अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक बाल श्रमिक की पहचान कर उसे नियोजन से मुक्त कराया गया। साथ ही संबंधित नियोजक के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। श्रम अधीक्षक ने बताया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए ऐसे विशेष अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी नियोजकों से बाल श्रम संबंधी कानूनों का पालन करने की अपील की।

## नालंदा

# हरनौत सडिमका में नवपदस्थापित अधिकारियों का स्वागत, विकास और समन्वय पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**हरनौत**। बाजार स्थित रेल सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना में मंगलवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की ओर से नवपदस्थापित अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा के नेतृत्व में यूनियन प्रतिनिधियों ने उपमुख्य यांत्रिक इंजीनियर-1 राधे श्याम तिवारी तथा उपमुख्य सामग्री प्रबंधक जितेश कुमार मंडल को धार्मिक पुस्तक भेंट कर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में कारखाना की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की समस्याओं, कार्यस्थल की सुविधाओं तथा भविष्य में कारखाना के विकास और आधुनिकीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। नवपदस्थापित अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी आपसी समन्वय तथा टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो कारखाना नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं को यूनियन के माध्यम से उनके संज्ञान में लाया जाए, ताकि उनका त्वरित और उचित समाधान किया जा सके।अधिकारियों ने ईसीआरकेयू की उस परंपरा की भी सराहना की, जिसमें स्वागत के दौरान फूलों के बुके की जगह धार्मिक पुस्तक भेंट की जाती है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति, ज्ञान और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष महेश महतो, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष बच्चालाल प्रसाद, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार, संगठन सचिव गिरिजा प्रसाद, पूनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार ने किया केदार प्रसाद व सरस्वती देवी की प्रतिमा का अनावरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के सोनसा गांव में मंगलवार को आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने अपने पुराने राजनीतिक सहयोगी स्वर्गीय केदार प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सरस्वती देवी की प्रतिमाओं का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़की खलिहान तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जदयू कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नीतीश कुमार करीब 15 मिनट तक समारोह स्थल पर रहे। इस दौरान उन्होंने स्व. केदार प्रसाद के परिजनों से मुलाकात कर पुरानी यादें साझा कीं, उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पौधारोपण भी किया। वीआईपी आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। स्व. केदार प्रसाद के छोटे पुत्र डॉ. राकेश कुमार उर्फ पिंटू ने बताया कि उनके पिता ने नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन की शुरुआत से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक हर कदम पर उनका साथ दिया। वे उनके विश्वसनीय सहयोगी और रणनीतिकार रहे तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि माता-पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से दोनों की प्रतिमाएं एक ही परिसर में स्थापित कराई गई हैं।समारोह में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, अस्थावां विधायक, रहुई प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार पटेल, समाजसेवी डॉ. राकेश रंजन, उप प्रमुख राकेश रंजन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हरनौत में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का धरना, नौ सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

**हरनौत**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना (सीडीपीओ) कार्यालय के समक्ष मंगलवार को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सेविका एवं सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन की प्रखंड अध्यक्ष बबीता देवी ने किया। इस दौरान महासचिव कुमार विनेश्वर सिंह एवं बिहार संघ के अंकेक्षक गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में सेविका-सहायिकाएं मौजूद रहीं।प्रदर्शनकारियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नौ सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। उनकी प्रमुख मांगों में पिछले छह माह से लंबित मानदेय का भुगतान, गोद भराई, अन्नप्राशन, मोबाइल रिचार्ज व प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान, वर्ष 2025-26 के किराया मद की राशि जारी करना तथा जून-जुलाई की पोषाहार राशि का भुगतान शामिल है। इसके अलावा सभी सेविकाओं को 5जी मोबाइल, केंद्र संचालन के लिए पर्याप्त कंटिजेंसी राशि तथा वर्ष 2019 के बाद लंबित ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।धरना के दौरान बच्चों को वितरित ड्रेस की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम निर्माण ठप

## चार माह से वेतन नहीं मिलने पर मजदूरों की हड़ताल



**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**बिहारशरीफ**। राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) के निर्माण में लगे करीब एक हजार मजदूरों ने चार माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में सोमवार को हड़ताल कर दी। नाराज मजदूरों ने स्टेडियम के गेट नंबर-1 को जाम कर निर्माण कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही शापूरजी पलोंजी कंपनी ने अप्रैल के बाद से मजदूरी का भुगतान नहीं किया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।मजदूरों ने बताया कि वे बिहार के गया, रोहतास, पूर्णिया, बेगूसराय के अलावा झारखंड और पश्चिम बंगाल से यहां काम करने आए हैं। उनका आरोप है कि कंपनी मनमाने ढंग से दिहाड़ी काटती है। बारिश के कारण कुछ घंटे काम रुकने पर पूरे दिन की मजदूरी काट ली जाती है। साथ ही 20 दिन काम करने पर केवल 10 दिन का पीएफ जमा किया जाता है और रविवार की मजदूरी भी नहीं दी जाती। आठ घंटे की ड्यूटी के बदले केवल 360 से 370 रुपये दिए जा रहे हैं। बेगूसराय के मजदूर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि ठेकेदारों को भी भुगतान नहीं मिलने से वे अब मजदूरों के भोजन की व्यवस्था करने में असमर्थ हैं। मजदूरों ने चेतावनी दी कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान और उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां को ले डीडीसी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**बिहारशरीफ**। आगामी स्वतंत्रता दिवस-2026 समारोह के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने उप विकास आयुक्त सारा अशरफ की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समारोह की तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में तय किया गया कि मुख्य जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे सोगरा उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसके बाद समाहरणालय, जिला परिषद, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी, नगर निगम, बिहारशरीफ थाना, कारगिल पार्क, पुलिस लाइन तथा महादलित टोलों में निर्धारित समयानुसार झंडोत्तोलन होगा। समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति, समारोह स्थलों की सजावट, अग्निशमन, ध्वनि व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, विधि-व्यवस्था, पूर्वाभ्यास तथा राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान की गरिमा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। वर्षा ऋतु को देखते हुए संभावित जलजमाव वाले स्थानों की पहचान कर समय रहते समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।उप विकास आयुक्त ने बताया कि समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ-साथ जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं तथा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को मुख्य समारोह में ससम्मान आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पइन में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**इसलामपुर**। खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव में सोमवार को पईन में डूबने से 10 वर्षीय एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले निवासी बलराम प्रसाद के पुत्र गुलशन कुमार के रूप में हुई है।बताया जाता है कि गुलशन अपनी मां के साथ कोचरा गांव स्थित अपने नाना साधु मिस्त्री के घर आया हुआ था। सोमवार को वह गांव के अन्य बच्चों के साथ गांव के उत्तर स्थित हेटली अहरी पईन के पास खेल रहा था। इसी दौरान खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया।घटना के बाद साथ खेल रहे बच्चों ने गांव पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद पईन से बच्चे का शव बाहर निकाला।घटना की सूचना मिलने पर खुदागंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राजगीर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास छापेमारी कर 40 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। दारोगा प्रवीण कुमार उपाध्याय ने बताया कि खुदागंज की ओर से बाइक पर दो तस्करों के शराब लेकर आने की सूचना मिली थी। पुलिस की घेराबंदी देख दोनों भागने लगे। पीछा कर पीछे बैठे तस्कर को शराब समेत दबोच लिया गया, जबकि बाइक चालक फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# सन्नी पासवान हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार



**इस्लामपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। खुदागंज थाना क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में सन्नी पासवान हत्याकांड का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे सेरथुआ खुर्द गांव निवासी सन्नी पासवान पिता देवनंदन पासवान, की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में खुदागंज थाना कांड संख्या-179ध्26 दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा-02 के निर्देशन में तथा पुलिस निरीक्षक, इस्लामपुर अंचल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी अनुसंधान और मानवीय आसूचना के आधार पर पुलिस ने घटना के महज 12 घंटे के भीतर प्राथमिकी अभियुक्त मथुरा सिंह, पिता स्व. गुलाब सिंह, निवासी सेरथुआ बिगहा, थाना खुदागंज, जिला नालंदा, को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, हत्या में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# पति पर हत्या का आरोप, शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**बिहारशरीफ**। मानपुर थाना क्षेत्र के गोंगरीपर गांव में एक 27 वर्षीया महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला का शव गांव के पूर्वी खंधा से बरामद किया है। मृतका की पहचान त्रिशा सिन्हा उर्फ पम्मी पति धर्मवीर यादव उर्फ राय जी, निवासी गोंगरीपर, थाना मानपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई की संध्या गश्ती के दौरान सूचना मिली कि महिला की उसके पति ने लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी है और शव को छिपा दिया है। सूचना मिलते ही मानपुर थानाध्यक्ष अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। तलाशी के दौरान गांव के पूर्वी खंधा से महिला का शव बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है। घटनास्थल की वैज्ञानिक तरीके से जांच एफएसएल की टीम द्वारा की गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बाइक पेड़ से टकराई, 15 वर्षीय छात्र की मौत

**गिरियक**। पावापुरी थाना क्षेत्र के दौलचक में उस वक़्त कोहराम मच गया जब एक 15 वर्षीय छात्र की मौत बाइक के पेड़ से टकराने पर हो गयी। कमेंद्र यादव का 15 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने गांव के मिडिल स्कूल के पास बाइक चला रहा था।इसी दौरान गांव में बाइक ताड़ के पेड़ से जा टकराई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायक युवक को आनन फानन में बिमीम्स अस्पताल पावापुरी लाया गया जहाँ उसे हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक दिलखुश दसवीं क्लास का छात्र था और वह दशरथपुर उच्च विद्यालय में पढ़ाई में कर रहा था। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ़ भेज दिया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# बिहार के एक हजार आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे 'नंद घर'

## बच्चों को आधुनिक शिक्षा और महिलाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में बड़ी पहल शुरू होने जा रही है। समाज कल्याण विभाग और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (वेदांता समूह) की संयुक्त पहल से राज्य के एक हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक नंद घर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पहल सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 तथा पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के अनुरूप होगी। इसके साथ ही बिहार नंद घर आंदोलन से जुड़ने वाला देश का 18वां राज्य बन गया है। वर्तमान में देश के 17 राज्यों में लगभग 15 हजार नंद घर संचालित हैं। पहले चरण में पटना, गया, पूर्णिया, सीतामढ़ी, जमुई, शेखपुरा समेत कई जिलों के पांच से दस आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। फिलहाल उन्हीं केंद्रों को शामिल किया गया है जिनके पास अपना भवन उपलब्ध है। नंद घर में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के लिए प्ले-स्कूल जैसा वातावरण मिलेगा। यहां टेलीविजन, श्रव्य-दृश्य शिक्षण सामग्री, डिजिटल शिक्षण उपकरण और आधुनिक खिलौनों के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी। साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाओं को पौष्टिक पैक्ड पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा तथा मोबाइल स्वास्थ्य वैन के जरिए नियमित स्वास्थ्य जांच भी होगी। दोपहर के बाद यही केंद्र महिलाओं के कौशल विकास के केंद्र के रूप में संचालित होंगे। यहां स्थानीय महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर सहित विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जाएंगे जिससे उनके लिए स्वरोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो सकेंगे। प्रत्येक नंद घर में चौबीसों घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएंगे। बच्चों और महिलाओं के लिए जल शोधक के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी। नंद घर, वेदांता रिसोर्सेज और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य पारंपरिक आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक स्वरूप देकर बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तीकरण की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराना है।

### आगरा कैंट एवं कानपुर सेंट्रल से कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु डीडीयू-गया-गोमो- धनबाद-आसनसोल के रास्ते कानपुर सेंट्रल एवं आगरा कैंट से कोलकाता के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 04157/04158 कानपुर-कोलकाता-कानपुर स्पेशल - गाड़ी सं. 04157 कानपुर-कोलकाता एक्सप्रेस 28.07.26 से 29.09.26 तक प्रत्येक मंगलवार को कानपुर सेंट्रल 08.00 बजे खुलकर 14.15 बजे डीडीयू, 15.35 बजे सासाराम, 17.30 बजे गया, 18.45 बजे कोडरमा, 19.45 बजे पारसनाथ, 20.05 बजे गोमो, 20.40 बजे धनबाद सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 04.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

# मुजफ्फरपुर सुधा प्लांट के दूषित जल पर विधानसभा अध्यक्ष सख्त

## प्रमंडल आयुक्त को सभी हितधारकों के साथ समाधान निकालने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में सदस्य अजीत कुमार और अरुण कुमार के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के आलोक में सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के समक्ष बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड और सुधा डेयरी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डेयरी से निकलने वाले दूषित जल से कृषि योग्य भूमि और पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर स्थित सुधा प्लांट से निकलने वाले रसायनयुक्त दूषित जल का प्रतिकूल प्रभाव आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ क्षेत्र की प्रसिद्ध लीची की खेती पर भी पड़ रहा है। इस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दूषित जल के उपचार के लिए सुधा प्लांट परिसर में एक उपचार तालाब का निर्माण कराया जा रहा है तथा इसके लिए भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष ने इस व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए कहा कि समस्या के समाधान में कई हितधारक जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाइन के आसपास स्थित होने के कारण बारिश के मौसम में दूषित जल की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने निर्देश दिया कि तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन (कॉमफेड), रेलवे, जिला प्रशासन, स्थानीय विधायकों और सांसदों के साथ संयुक्त बैठक कर इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को इस संबंध में तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त को पत्र भेजने का भी निर्देश दिया। बैठक में सदस्य अजीत कुमार, अरुण कुमार, बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सुधा डेयरी पटना के प्रबंध निदेशक, सुधा डेयरी मुजफ्फरपुर के प्रबंध निदेशक, विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनबीपीडीसीएल की सीएसआर पहल से 12 जिलों के पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका विद्यालयों को मिली स्मार्ट टीवी

## एनबीपीडीसीएल बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध : राहुल कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अररिया जिला से आये विद्यालय प्रतिनिधि को स्मार्ट टीवी सौंपते एनबीपीडीसीएलके प्रबंध निदेशक राहुल कुमार

**पटना।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) के नेतृत्व में कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित बालिका विद्यालय को 72 स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल के लिए 54 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। ज्ञात हो कि यह निर्णय 16 मार्च 2026 को आयोजित एनबीपीडीसीएल की 158वीं बोर्ड बैठक में सीएसआर समिति की अनुशंसा पर लिया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आये विद्यालय प्रतिनिधियों को स्मार्ट टीवी वितरित करते हुए प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने कहा कि एनबीपीडीसीएल गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। कंपनी की सीएसआर पहलों का उद्देश्य शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है, ताकि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

### श्रावणी मेला के दौरान गया-कामाख्या एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर ठहराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गया और कामाख्या के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 15619/15620 गया-कामाख्या-गया एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 15620 कामाख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस 3.08.2026 से 24.08.2026 के मध्य नामित दिन को 00.11 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 00.13 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 15619 गया-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 4.08.2026 से 25.08.2026 के मध्य नामित दिन को 17.45 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा 17.47 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार दे रही हर संभव मदद : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** सूचना एवं जन सम्पर्क एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बिहार के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार को सम्मानित किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने सूचना भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के गोलकीपर सावन कुमार को सम्मानित किया। बिहार निवासी सावन कुमार ने हाल ही में ओमान की राजधानी मस्कट में 20 से 25 जुलाई 2026 तक आयोजित 'अंडर-18 यूथ हॉकी एशिया कप-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और समर्थन देने में पूरी तरह संकल्पित है। खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जा रही है, ताकि वे अपना पूरा ध्यान खेल पर केंद्रित कर बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने बेस्ट गोलकीपर तथा प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। फाइनल मैच में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले सावन कुमार ने जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-18) में शानदार खेल दिखाते हुए भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि सावन कुमार का दिसंबर में होने वाले अंडर-18 हॉकी विश्व कप के लिए भी चयन हो चुका है। वे बिहार से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के तहत खिलाड़ियों को सालाना 20 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करती है। साथ ही आधुनिक खेल मैदानों, उपकरणों और अन्य सुविधाओं का भी निरंतर विकास किया जा रहा है। गांव-गांव से प्रतिभाओं को खोजने और निखारने का काम भी सरकार सक्रिय रूप से कर रही है। इन सभी कोशिशों का सफल नतीजा खिलाड़ियों के प्रदर्शन में दिख रहा है। सम्मान कार्यक्रम में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रन शंकरण समेत अन्य उपस्थित थे।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर अग्निशमन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा बिहार विधान सभा सचिवालय के मुख्य भवन, उप भवन एवं विस्तारित भवन में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन सेवा के अधिकारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। आग लगने की स्थिति में त्वरित व सुरक्षित बचाव के उपायों को लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने के कारण, उससे बचाव के तरीकों तथा प्रारंभिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गयी तथा विभिन्न अग्निशामक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

# बी.डी. कॉलेज में यू.जी. सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के मनोविज्ञान विभाग द्वारा यू.जी. सेमेस्टर-1 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम, सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट व्यवस्था, उपस्थिति नियम, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक कार्य, प्रोजेक्ट कार्य तथा विश्वविद्यालय परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक, शोध एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा कुमारी ने विद्यार्थियों को समालोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा सकारात्मक अधिगम दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार तथा ए.एच.सी. एवं ए. विभागाध्यक्ष नीतू तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासित, लक्ष्यनिष्ठ एवं मूल्यपरक शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं, विश्वविद्यालय के नियमों, शैक्षणिक कैलेंडर तथा महाविद्यालय में उपलब्ध छात्र सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं उपलब्ध अवसरों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स भूषण क्रॉप प्राइवेट लि. के अंतर्गत बीमित व्यक्ति पुष्प रंजन जो सारण, बिहार में सर्विस इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पिता-अनिल कुमार विश्वकर्मा, माता-राधा देवी को सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पुष्प रंजन की मृत्यु 5-07-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 171 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.5130/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 61,560-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता का किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जन्दाहा (वैशाली)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शिक्षाविद् एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को समर्पित अपनी स्वरचित राष्ट्रभक्ति कविता का लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि उनकी यह कविता देश के युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और प्रबल करने का एक विनम्र प्रयास है।

लोकार्पित कविता की पंक्तियां–
कारगिल की हर चोटी बोली, वीरों का सम्मान करो,
भारत मां के अमर सपूतों का, मिलकर सब गुणगान करो।
बर्फ पिघली, पर्वत डोले, लेकिन वीर न डोले थे,
सीने पर हर वार सहा, फिर भी आगे बोले थे।
तिरंगे की आन बचाने को, हंसकर प्राण लुटा गए,
मां भारती की रक्षा में, अमर कहानी रचा गए।
आओ मिलकर प्रण दोहराएं- राष्ट्र रहे सबसे महान,
कारगिल के अमर शहीदों को, शत-शत नमन, बारम्बार प्रणाम।

डॉ. झा ने कहा कि कारगिल के अमर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा तथा उनकी स्मृतियां प्रत्येक भारतीय के हृदय में अमर रहेंगी।

# एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 में की उत्कृष्ट प्रतिभाओं और व्यवसायियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के होटल पनाश में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह एक शाम बिहार के नाम-एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सफल उद्यमियों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड और मनोरंजन जगत की चर्चित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर, मुश्ताक खान, शाहबाज खान, अभिनेत्री रितु शिवपुरी, हरियाणवी फिल्म अभिनेत्री अंजलि राघव तथा प्रसिद्ध जादूगर अजीत ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी कलाकारों ने सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को सम्मानित करना अत्यंत प्रेरणादायक पहल है और ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आरएफएम प्रोडक्शन हाउस के निदेशक राहुल राज ने अपने संबोधन में कहा कि एक शाम बिहार के नाम-एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वन्यजीवों की रक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में बी.डी. कॉलेज, पटना के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी, चित्रकला और प्रतिज्ञा के माध्यम से छात्रों को प्रकृति के महत्व और संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष डॉ. कविता परमार ने 'पर्यावरण और हमारा कर्तव्य' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की कि हम अपने आदतों में सुधार लाकर और जागरूक रहकर प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने पेड़ लगाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, सिंगल यूज प्लास्टिक से इको ब्रिक्स बनाने, कपड़े का थैला उपयोग करने तथा पानी और ऊर्जा की बचत करने की प्रेरणा दी। प्रो. विजय कुमार (विभागाध्यक्ष, राशनशास्त्र) ने भूमि और जल संरक्षण पर जोर देते हुए आधुनिक जीवनशैली को प्रकृति-प्रदत बनाने की अपील की। वहीं कुमारी मोनिका (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान) ने जैव विविधता संरक्षण पर बल देते हुए जीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन हेतु आवश्यक बताया। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार और वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा पाठक ने भी प्रकृति संरक्षण से संबंधित मार्गदर्शन दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, वनीकरण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत जीवनशैली जैसे विषयों पर आधारित सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# नई एमएसएमई नीति के लिए उद्योग विभाग ने मांगे सुझाव, उद्योग संगठनों के साथ विस्तृत मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की नई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से उद्योग विभाग ने हितधारकों से सुझाव लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को उद्योग विभाग के अंतर्गत एमएसएमई निदेशालय के निदेशक अमन समीर की अध्यक्षता में प्रस्तावित नई एमएसएमई नीति के प्रारूप पर विस्तृत विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के प्रमुख उद्योग एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बिहार के एमएसएमई क्षेत्र को अधिक सशक्त, प्रतिस्पर्धी तथा निवेश-अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक नीति तैयार करने पर अपने विचार रखे। बैठक में बिहार राज्य उद्यमी व्यवसायिक आयोग के अध्यक्ष सुरेश रूंगटा, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल खेतान, बिहार महिला उद्योग संघ की कार्यकारी निदेशक साधना झा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया तथा एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ) के निदेशक आर. के. चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अमन समीर ने कहा कि नई एमएसएमई नीति का अंतिम प्रारूप सभी हितधारकों से प्राप्त सुझावों और परामर्शों के आधार पर तैयार किया जाएगा, ताकि यह उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हो और राज्य में उद्यमिता को नई गति दे सके। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नीति में उद्यमियों के लिए कार्यशील पूंजी सहायता, विपणन सहयोग, अनुसंधान एवं विकास, आधुनिक परीक्षण प्रयोगशालाओं की सुविधा, कौशल उन्नयन तथा प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

# हिमालया बेबीकेयर ने किया जेंटल बेबी शैम्पू के लिए नया डिजिटल कैंपेन लांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने अपने जेंटल बेबी शैम्पू के लिए हैप्पी टिअर्स फॉर मॉम, नो टिअर्स फॉर बेबी संदेश के साथ नया डिजिटल कैंपेन लॉन्च किया है। यह कैंपेन एक मां के उस वादे को दर्शाता है जिसमें वह अपने शिशु के नहाने के समय को खुशहाल और आंसू रहित बनाने का भरोसा देती है। कैंपेन का मुख्य आकर्षण हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू का नो टीयर्स फॉर्मूला है जिसे शिशु की आंखों में जलन से बचाने और नहाने के अनुभव को आरामदायक बनाने के लिए तैयार किया गया है। चावल, गुड़हल, चना और खस के गुणों से युक्त यह शैम्पू शिशु की नाजुक स्कैल्प को पोषण देने के साथ बालों को मुलायम और प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। इसका 5.5 पीएच बैलेंस इसे जन्म के पहले दिन से ही रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है।

# प्रखंड कांग्रेस अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

## अंधेरा मिटाना है तो लोगों के लिए लड़ना होगा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा और अंतिम दिन रहा। प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने भाग लिया और प्रखंड स्तर से संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तार्किक तथ्यों के साथ कई वीडियो के माध्यम से प्रेरक और जरूरी सुझाव आगत प्रतिभागी प्रखंड अध्यक्षों को दिए। साथ ही उन्होंने सांगठनिक मजबूती में प्रखंड अध्यक्षों की आगामी भूमिका का भी रेखांकन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारा प्रखंड अध्यक्ष ही कांग्रेस को मजबूत करने की मूल हैं और वे नींव की ईंट हैं। संगठन को धारदार बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्षों की मजबूती और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समापन सत्र में सभी प्रखंड अध्यक्षों से प्रशिक्षण को लेकर फिडबैक भी प्राप्त किया और उनसे आगामी योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा भी की।

# संपादकीय

## नीट 2026 विवाद के बाद शिक्षा व्यवस्था में सुधार की चुनौती

जरूरत इस बात की है कि न केवल परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने, बल्कि व्यापक शैक्षिक सुधारों के प्रति ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ सरकार कदम आगे बढ़ाए। एक स्वस्थ लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि अगर किसी मसले पर सरकार के रुख की वजह से जनता के बीच असंतोष और विरोध की भावना बढ़ रही हो, तो सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। इस लिहाज से देखें तो पिछले कुछ समय से नीट 2026 में प्रश्नपत्र लीक होने के मसले पर लोगों के भीतर उभरे व्यापक क्षोभ और विरोध के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आखिर इस्तीफा देना लोकतांत्रिक परंपरा की ही अगली कड़ी है। हालांकि सरकार ने अगर इस संबंध में समय रहते ठोस फैसला किया होता और जनता के बीच स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की होती, तो शायद लोगों के बीच आक्रोश का दायरा इतना नहीं फैलता, जिसने सरकार की मंशा पर गहरे सवाल उठाए।प्रश्नपत्र लीक होने की घटना के उजागर होने के बाद से ही समूचा सरकारी तंत्र एक तरह से कठघरे में खड़ा था और लोगों ने सरकार से जिम्मेदारी तय करने के साथ-साथ ठोस कार्रवाई की मांग की थी। मगर सरकार ने इस मसले पर तब तक उपेक्षा और उदासीनता का रुख अपनाए रखा, जब तक काकरोच जनता पार्टी के आह्वान के बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में इस मुद्दे पर व्यापक जनांदोलन नहीं खड़ा हो गया।विचित्र यह भी है कि प्रश्नपत्र लीक होने की घटना की गंभीरता और उस पर लोगों के बीच पसरते आक्रोश की तीव्रता का अंदाजा होने के बावजूद सरकार ने न तो ठोस कार्रवाई करने का संकेत दिया और न ही आंदोलन के लिए सड़क पर उतरे विद्यार्थियों से संवाद कायम करने की कोशिश की। इसके उलट जंतर मंतर पर जमे प्रदर्शनकारियों ने जब 'संसद मार्च' के आह्वान के जरिए अपनी मांग और आवाज को आगे बढ़ाना चाहा, तो उन्हें रोकने के लिए सरकार ने एक तरह पुलिस को खुला छोड़ दिया गया। नतीजतन, पुलिस ने हर मानवीय तकाजे को ताक पर रख कर प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और बेरहमी से लाठीचार्ज किया।सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों को चोट पहुंचाने वाला था। इसी के बाद न केवल दिल्ली में, बल्कि देश के कई राज्यों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यह एक तरह से इस समूचे मुद्दे पर सरकार के अपरिपक्व रवैये का सबूत था, जिसके तहत आंदोलनकारियों से संवाद करके समस्या का समाधान निकालने के बजाय बल प्रयोग के जरिए उनका दमन करने की कोशिश की गई।जाहिर है, सरकार का यह रुख एक और अलोकतांत्रिक तथा गैरजिम्मेदार कदम के रूप में देखा गया और सवाल उठे कि क्या इस तरह असहमत होने और विरोध करने के संवैधानिक अधिकारों का दमन किया जा रहा है।

# सम्राट सरकार के 100 दिन : सेवा, संकल्प और समर्पण के नए युग का शंखनाद



**डॉ. संजय मयूख**

सत्ता का वास्तविक मूल्य उसके वर्षों में नहीं, बल्कि उन प्रारंभिक दिनों में निहित होता है, जब संकल्प नीतियों का रूप लेते हैं और नीयत जनता के विश्वास में परिवर्तित होने लगती है। किसी भी नई सरकार के पहले 100 दिन केवल प्रशासनिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं होते, बल्कि वे उसके चरित्र, कार्यशैली और भविष्य की दिशा का उद्घोष होते हैं। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करते हुए केवल शासन का संचालन नहीं किया है, बल्कि विकास, सुशासन और जनसेवा के एक नए अध्याय का शंखनाद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प में विकसित बिहार की निर्णायक भूमिका है। इसी राष्ट्रीय दृष्टि, नीतीश कुमार के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ऊर्जावान नेतृत्व के समन्वय ने इन 100 दिनों को बिहार के भविष्य की एक सशक्त प्रस्तावना बना दिया है। कार्यभार संभालते ही जिस गति और स्पष्टता के साथ निर्णय लिए गए, उन्होंने यह संकेत दे दिया है कि बिहार अब विकास की बुलेट ट्रेन पर सवार होकर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

नीतीश कुमार ने वर्षों के अथक प्रयासों से बिहार में सुशासन की जो सुदृढ़ आधारशिला रखी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में वही आधार अब आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। इन 100 दिनों में राज्य सरकार ने रोजगार, शिक्षा, कृषि, निवेश और प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में जिस तीव्रता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लिए हैं, वे स्पष्ट संकेत देते हैं कि नया बिहार उद्यमशीलता, तकनीक और सुशासन के बल पर अपनी ऐतिहासिक पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

**औद्योगिक क्रांति, बुनियादी ढांचा और रोजगार का नया सवेरा–** किसी भी राज्य की समृद्धि उसके औद्योगिक वातावरण और निवेश पर निर्भर करती है। वर्षों तक बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं का रोजगार के लिए पलायन रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसी मूल समस्या पर प्रहार करते हुए वर्ष 2030 तक राज्य में पाँच लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह केवल निवेश का आंकड़ा नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने का दृढ़ संकल्प है।

निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने लालफीताशाही को कम करते हुए प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाया है। शहरीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य में 12 अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की गई है। यह पहल न केवल आधारभूत संरचना और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देगी, बल्कि लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी।

राज्य राजमार्गों, पुलों और सड़कों के निर्माण में भी अभूतपूर्व तेजी लाई गई है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हेली टूरिज्म की शुरुआत एक महत्वपूर्ण पहल है, जो देश-विदेश के पर्यटकों को राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से जोड़ेगी।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए बिहार के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का विकास अब लोक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 33 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का तीव्र गति से विकास प्रस्तावित है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण = नए बिहार की मजबूत नींव–** शिक्षा कभी बिहार की वैश्विक पहचान रही है। उसी गौरव को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन तथा



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 551 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों की स्थापना की योजना शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तनकारी कदम है। उच्च शिक्षा को प्रत्येक युवा की पहुंच तक ले जाने के लिए 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से कई नए विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें देश का अपनी तरह का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय भी शामिल है। यह पहल बिहार के युवाओं को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं शिक्षकों के लिए अंक आधारित पारदर्शी स्थानांतरण नीति ने वर्षों से चली आ रही अपारदर्शी व्यवस्था पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए नई रेफरल नीति लागू की गई है, ताकि मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा उपलब्ध हो सके। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, जो श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की प्राथमिकताओं में सदैव शामिल रहा है, उसे और मजबूत करते हुए स्कूलों एवं कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती का निर्णय लिया गया है। यह पहल बेटियों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित करेगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

**अन्नदाता का सम्मान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारदर्शी सुशासन–** भारत की आत्मा गांवों में बसती है और बिहार की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। कमजोर मानसून की परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने किसानों के हित में प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिससे सिंचाई की समस्या के समाधान में बड़ी सहायता मिलेगी।

पारंपरिक खेती के साथ-साथ कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को इन नवाचारों से जोड़कर कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही एनडीए सरकार की कार्यशैली का मूल आधार है। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए %सहयोग शिविर% प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 30 दिनों के भीतर जन-शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य किया गया है। समयसीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि अब व्यवस्था जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बन रही है।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन दिवस घोषित किया गया है, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को समय पर पेंशन उपलब्ध हो रही है। जुलाई माह में 1,100 मासिक पेंशन के रूप में डीबीटी के माध्यम से 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों के खातों में कुल 1,423.94 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई।

पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्रामसभा की अनिवार्य बैठक तथा पंचायतों के परिसीमन की घोषणा लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं मुख्यमंत्री श्री चौधरी द्वारा अपने सरकारी आवास का नाम बदलकर लोक सेवक आवास करना केवल एक प्रतीकात्मक निर्णय नहीं, बल्कि इस विचार का सार्वजनिक उद्घोष है कि सरकार स्वयं को शासक नहीं, बल्कि जनता का सेवक मानती है।

**निष्कर्ष–** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पूरे हुए ये 100 दिन केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि विकसित बिहार की यात्रा की सशक्त शुरुआत हैं। रोजगार सृजन, शिक्षा में तकनीकी नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, निवेश, आधारभूत संरचना और सुशासन के क्षेत्र में इन शुरुआती दिनों में जो दिशा निर्धारित की गई है, वही आने वाले वर्षों में विकसित बिहार की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी।

एनडीए सरकार ने यह विश्वास मजबूत किया है कि जब केंद्र और राज्य में समान विकास दृष्टि वाली सरकारें कार्य करती हैं, तब योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि धरातल पर उतरकर जनजीवन में परिवर्तन का माध्यम बनती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ऊर्जा एवं कार्यकुशलता–यह त्रिवेणी बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नई आशा बनकर उभरी है। बिहार अब ठहराव का नहीं, बल्कि तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर राज्य के रूप में अपनी नई पहचान गढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**(लेखक बिहार विधान परिषद के सदस्य तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।)**

# नई पीढ़ी के सामने भौतिकता, बाजारवाद और नैतिक मूल्यों की चुनौती

**(राकेश सिन्हा)**

नवउदारवादी व्यवस्था आलोचनात्मक विचार को खतरनाक मानती है। इसीलिए यह तकनीक तथा शरीर एवं सौंदर्य को केंद्र में रखकर अलग संस्कृति सृजन को प्रोत्साहित करती है। नई पीढ़ी सर्वत्र चर्चा में है। वे क्या सोचते हैं, कैसा व्यवहार करते हैं, किस प्रकार की भौतिकवादी संस्कृति को अपना रहे हैं, ये परिवार से लेकर चौक-चौराहे तक चर्चा में रहता है। मगर यह चर्चा चिंता, आलोचना, गपशप तक सिमट कर रह जाती है। इस पर चिंतन करने की जरूरत तो है, मगर फुर्सत किसी को नहीं है। इसके लिए एक आसान कारण ढूंढ़ा जाता है। वह है भौतिकता का दबदबा। इसके परिणामों का सबसे अधिक असर नई पीढ़ी पर माना जाता है, लेकिन भौतिकता से भयभीत होना अपनी अक्षमता और विफलता पर पर्दा डालना है। इतिहास के अनेक कालखंडों में समृद्धि ने आसमान छुआ, मगर उससे सामाजिक भविष्य खतरे में नहीं आया। मूल प्रश्न यह है कि नियंत्रित भौतिकता और नैतिक उपभोग के लक्ष्य के लिए हम क्या कर रहे हैं? नियंत्रित भौतिकता का अर्थ समृद्धि में समाज की साझेदारी है। ऐसा होने से भौतिक प्रगति असंतुलित नहीं होती है और सामाजिक दबाव उस पर बना रहता है। मगर पूरी दुनिया में नवउदारवाद समाज की साझेदारी को घटा रहा है। सब कुछ बाजार तय करता है। उदाहरण सामने हैं- बाजार ने तय कर लिया कि सौंदर्य प्रसाधन उद्योग को बढ़ाना है, तो हम सब उसके उपक्रम बन गए। वर्ष 2010 में वैश्विक सौंदर्य प्रसाधन उद्योग छत्तीस हजार करोड़ रुपए का था, जो 2025 में 61 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि बाजार हमारी इच्छा, उपयोगिता और मांग निर्धारित करता है। इससे स्पष्ट है कि आज लोग बाजार के लिए एक आंकड़ा बनकर रह गए हैं। बाजार हमें उपभोग की किसी भी इच्छा की पूर्ति के लिए असीमित स्वतंत्रता देता है। इसलिए यह हमारे सामाजिक संबंधों और स्वतंत्रता को भी निर्धारित करने लगा है। विज्ञान शरीर को सुविधा देने वाली खोज कर सकता है, पर सामाजिकता और संवेदनशीलता पैदा नहीं कर सकता। ऐसे में 'नैतिक उपभोग' महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इसका अर्थ है उपभोग मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकारों के दायरे में किया जाना। मगर बाजारवाद असीमित और शरीरवादी मानसिकता पैदा कर रहा है। इसलिए विलासितापूर्ण जीवन पर जो सामाजिक दबाव होना चाहिए उसका क्षरण हो रहा है। नवउदारवाद मनुष्य की चिंतनशील प्रकृति को बदल रहा है। इसका पहला निशाना शिक्षा है। परंपरागत शिक्षा का ध्येय सिर्फ पेट भरने के लिए सक्षम होना नहीं, बल्कि मनुष्य को सामाजिक हित से जोड़ना है। इसी को रामचंद्र शुक्ल ने गेंहू और गुलाब के बीच संतुलन कहा था। वे समानता, न्याय और स्वतंत्र चिंतन के भाव को मानव समाज की उन्नति के लिए आवश्यक मानते हैं। नवउदारवादी व्यवस्था आलोचनात्मक विचार को खतरनाक मानती है। इसीलिए यह तकनीक तथा शरीर एवं सौंदर्य को केंद्र में रखकर अलग संस्कृति सृजन को प्रोत्साहित करती है। समाज को सामूहिक रूप से चेतना शून्य करने के लिए इसने शिक्षा की परिभाषा ही बदल दी है। अब ज्ञान को आर्थिक दृष्टि से परखा और तौला जाने लगा है। जिस ज्ञान से उत्पादन-वितरण और उपभोग में लाभ हो, उसी को प्राथमिकता दी जाने लगी है। तभी तो जापान ने वर्ष 2015 में विश्वविद्यालयों से कहा कि समाज शास्त्र और साहित्य के दायरे को कम किया जाए। इसके दस साल बाद न्यूजीलैंड ने मार्सडेन फंड से सामाजिक विज्ञान को मिलने वाली सहायता को समाप्त कर दिया। पश्चिम का कोई भी देश अमेरिका हो या ब्रिटेन इसका अपवाद नहीं है। सामाजिक विज्ञान अब सिर्फ दिन-प्रतिदिन की जरूरतों की जानकारी का विषय बनता जा रहा है। सामाजिक विज्ञान को आर्थिक संदर्भ में जब मापा जाएगा, तब इसका उत्तर शून्य होगा। यह मन और मस्तिष्क को आलोचनात्मक दृष्टिकोण से चीजों को परखने की क्षमता एवं साहस पैदा करता है, जिसे बाजार नापसंद करता है। आज हम संक्षेप में जानकारियों की प्रचुरता और ज्ञान की दुर्लभता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। भारत ने इस खतरे को पहचाना है। जहां दुनिया भर में सामाजिक विज्ञान पर शोध में मितव्ययिता बरतने की सरकारी नीति है, वहीं भारत में सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में बजट बढ़ाया जा रहा है। शोध करने वाली संस्था भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद का बजट जो वर्ष 2019 में 157 करोड़ रुपए था, उसे बढ़ाकर वर्ष 2024 में 238 करोड़ रुपए कर दिया गया। यह मौजूदा सरकार की ओर से नवउदारवाद की आधारभूत मान्यताओं को चुनौती देने की तरह है। देश की नई शिक्षा नीति एक अवसर है ज्ञान के महत्त्व को पुनर्स्थापित करने का। इसमें भारत का इतिहास हमें राह दिखाता है। जब भौतिकता का ज्ञान पर हमला होता है, तब ज्ञान की समांतर धारा का प्रस्फुटन होता है, जो स्थापित संरचनाओं से बाहर होता है।

# एग्रो-वोल्टिक्स- खाद्य, ऊर्जा और पर्यावरण सुरक्षा का एकीकृत वैज्ञानिक मॉडल

**(डॉ दीपक कोहली)**

**किंतु विज्ञान ने इस द्वंद्व का एक अभिनव समाधान प्रस्तुत किया है, जिसे एग्रो-वोल्टिक्स या एग्री-सोलर प्रणाली कहा जाता है। यह ऐसी वैज्ञानिक अवधारणा है, जिसमें एक ही खेत पर फसल उत्पादन और सौर ऊर्जा उत्पादन दोनों साथ-साथ किए जाते हैं। परिणामस्वरूप वही भूमि एक साथ अन्न, ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण, तीनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। यही कारण है कि आज एग्रो-वोल्टिक्स को भविष्य की सतत कृषि और हरित ऊर्जा का एकीकृत मॉडल माना जा रहा है। एग्रो-वोल्टिक्स के पीछे कार्य करने वाला वैज्ञानिक दर्शन जीवविज्ञान और भौतिकी के अत्यंत सूक्ष्म एवं अंतर-संबंधी सिद्धांतों पर आधारित है।**

एग्रो-वोल्टिक्स के पीछे कार्य करने वाला वैज्ञानिक दर्शन जीवविज्ञान और भौतिकी के अत्यंत सूक्ष्म एवं अंतर-संबंधी सिद्धांतों पर आधारित है। साधारणतया यह माना जाता है कि पौधों को जितनी अधिक सूर्य की रोशनी मिलेगी, वे उतनी ही तेजी से वृद्धि करेंगे, परंतु वनस्पति विज्ञान के गहरे अध्ययन इस भ्रांति का निवारण करते हैं। तेजी से बढ़ती वैश्विक जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन, कृषि योग्य भूमि में निरंतर कमी और स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग ने मानव सभ्यता के सामने एक जटिल चुनौती खड़ी कर दी है, क्या एक ही भूमि से भोजन भी उगाया जा सकता है और ऊर्जा भी उत्पन्न की जा सकती है? लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि कृषि और सौर ऊर्जा परियोजनाएँ एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी हैं, क्योंकि दोनों के लिए भूमि की आवश्यकता होती है। किंतु विज्ञान ने इस द्वंद्व का एक अभिनव समाधान प्रस्तुत किया है, जिसे एग्रो-वोल्टिक्स या एग्री-सोलर प्रणाली कहा जाता है। यह ऐसी वैज्ञानिक अवधारणा है, जिसमें एक ही खेत पर फसल उत्पादन और सौर ऊर्जा उत्पादन दोनों साथ-साथ किए जाते हैं। परिणामस्वरूप वही भूमि एक साथ अन्न, ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण, तीनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। यही कारण है कि आज एग्रो-वोल्टिक्स को भविष्य की सतत कृषि और हरित ऊर्जा का एकीकृत मॉडल माना जा रहा है। एग्रो-वोल्टिक्स के पीछे कार्य करने वाला वैज्ञानिक दर्शन जीवविज्ञान और भौतिकी के अत्यंत सूक्ष्म एवं अंतर-संबंधी सिद्धांतों पर आधारित है। साधारणतया यह माना जाता है कि पौधों को जितनी अधिक सूर्य की रोशनी मिलेगी, वे उतनी ही तेजी से वृद्धि करेंगे, परंतु वनस्पति विज्ञान के गहरे अध्ययन इस भ्रांति का निवारण करते हैं। जब सूर्य का प्रकाश और तापमान एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाता है, तो अधिकांश पौधों में फोटो-इनहिबिशन यानी प्रकाश-संश्लेषण में बाधा की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। तीव्र ऊष्मा के कारण पौधों की पत्तियाँ अपनी रक्षा के लिए रंध्रों को बंद कर लेती हैं, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण रुक जाता है और पौधों का विकास अवरुद्ध हो जाता है। सोलर पैनलों को जब एक वैज्ञानिक कोण और पारभासी दूरी पर स्थापित किया जाता है, तो वे नीचे उगाई जाने वाली फसलों के लिए एक रक्षात्मक छत्र का कार्य करते हैं। यह आंशिक छाया पौधों को भीषण ताप-लहरों, चिलचिलाती धूप, अत्यधिक वाष्पोत्सर्जन और ओलावृष्टि जैसे मौसमी जोखिमों से बचाती है। परिणामस्वरूप, खेत के धरातल पर एक अनुकूल सूक्ष्म-जलवायु निर्मित होती है, जहाँ मिट्टी की नमी लंबे समय तक संरक्षित रहती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह सिद्ध हो चुका है कि एग्रो-वोल्टिक्स प्रणालियों के अंतर्गत कृषि में सिंचाई जल की खपत में तीस से चालीस प्रतिशत तक की अभूतपूर्व कमी आती है, जो भूजल के गिरते स्तर से जूझ रहे क्षेत्रों के लिए एक जीवनदायिनी क्रांति से कम नहीं है। इस अंतर-विषयक प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता इसका सह-जैविक और परस्पर पूरक होना है, जहाँ कृषि और सौर पैनल एक-दूसरे की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। जहाँ एक ओर सोलर पैनल फसलों को अत्यधिक ऊष्मा से बचाकर उनकी पैदावार और गुणवत्ता की रक्षा करते हैं, वहीं दूसरी ओर फसलों के श्वसन और मिट्टी से निकलने वाली स्वाभाविक नमी से निर्मित सूक्ष्म-वातावरण ऊपर



स्थित सोलर पैनलों के तापमान को नियंत्रित रखता है। सिलिकॉन-आधारित सौर पैनलों की यह तकनीकी विडंबना है कि जैसे-जैसे उनका तापमान बढ़ता है, उनकी बिजली उत्पादन करने की दक्षता घटने लगती है। नीचे फसलों की हरियाली और वाष्पोत्सर्जन प्रक्रिया के कारण सोलर पैनलों का धरातलीय तापमान पाँच से दस डिग्री सेल्सियस तक कम बना रहता है, जिससे उनकी विद्युत उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जाती है। विज्ञान और प्रकृति का यह अनूठा तालमेल न केवल ऊर्जा उत्पादन की दर को बढ़ाता है, बल्कि पैनलों की परिचालन अवधि को भी लंबा करता है। सामाजिक और आर्थिक धरातल पर, एग्रो-वोल्टिक्स भारतीय कृषि की सबसे बड़ी कमजोरी–आय की अनिश्चितता–पर सीधा प्रहार करता है। सदियों से भारतीय किसान मानसून की अनिश्चितता, चक्रवात, सूखा और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच अनिश्चितता का जीवन जीने को मजबूर रहा है। एग्रो-वोल्टिक्स प्रणाली किसान को केवल अन्नदाता के दायरे से निकालकर एक सशक्त ऊर्जादाता के रूप में स्थापित करती है। सोलर पैनलों से उत्पादित अधिशेष बिजली को राज्य के विद्युत ग्रिडों को बेचकर या नेट-मीटरिंग नीतियों के तहत जमा करके किसान एक सुनिश्चित, मासिक और वर्षभर चलने वाली वित्तीय आय प्राप्त कर सकता है। यह सुनिश्चित आय प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल बर्बाद होने की स्थिति में किसान के लिए एक मजबूत आर्थिक सुरक्षा कवच का कार्य करती है। इसके अतिरिक्त, खेत में ही उत्पादित इस हरित ऊर्जा का उपयोग सिंचाई पंपों को चलाने, सौर चालित शीतगृहों (कोल्ड स्टोरेज) के संचालन और स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग में किया जा सकता है। इससे महंगे डीजल और अनिश्चित ग्रिड बिजली पर किसान की निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाती है, जिससे खेती की परिचालन लागत में भारी कमी आती है और किसान का शुद्ध लाभांश कई गुना बढ़ जाता है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी एग्रो-वोल्टिक्स की सफलता का मुख्य आधार उपयुक्त फसलों का चयन और सुदृढ़ इंजीनियरिंग संरचना है। इस तकनीक के तहत सोलर पैनलों को भूमि से कम से कम आठ से दस फीट की ऊँचाई पर इस प्रकार स्थापित किया जाता है कि उनके नीचे ट्रैक्टर, कल्टीवेटर और अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों का संचालन बिना किसी बाधा के हो सके। प्रकाश-छाया के इस संयोजन में आंशिक छाया को पसंद करने वाली फसलें जैसे टमाटर, मिर्च, बैंगन, आलू, गाजर, पत्तेदार सब्जियाँ, हल्दी, अदरक, और विविध औषधीय पौधे अत्यंत उत्कृष्ट पैदावार देते हैं। शुष्क और अर्ध-शुष्क इलाकों में केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान जैसे अग्रणी संस्थानों द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि यह तकनीक न केवल बंजर और कम उपजाऊ भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाने की अपार क्षमता रखती है, बल्कि मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को रोकने और क्षरित भू-भागों के पारिस्थितिक पुनरुद्धार में भी निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

# कृषि योजनाओं की प्रगति और उर्वरक गुणवत्ता की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कृषि कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक शस्य पूर्णिया प्रमंडल मनोज कुमार ने की। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सहित अनुमंडल, प्रखंड एवं विभिन्न शाखाओं के कृषि पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में बिहार कृषि एप, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, खरीफ फसल आच्छादन, धरती बचाओ अभियान, किसान पाठशाला, उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण तथा किसानों से जुड़ी अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को सभी योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया।संयुक्त निदेशक ने जिले के सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में प्रतिदिन कम-से-कम 10 उर्वरक दुकानों का निरीक्षण कर ऑनलाइन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। साथ ही भंडार पंजी, विक्रय पंजी, मूल्य सूची, पॉस मशीन एवं अन्य अभिलेखों का सत्यापन भी नियमित रूप से करें। इसके अलावा बिहार कृषि एप के माध्यम से किसानों का पंजीकरण, खरीफ फसल आच्छादन का सत्यापित डाटा अपलोड करने तथा आत्मा योजना के तहत प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक के अंत में जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से किसानों को बेहतर कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने एवं विभागीय लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का आह्वान किया।



## मनिया से कुरेठा सड़क गड्ढे में तब्दील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** कटिहार - बस्तोंल मुख्य मार्ग के मनिया मोड़ से मनसाही प्रखंड के कुरेठा पंचायत के कुरेठा को जोड़ने वाली सड़क जर्जर एवं बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हैं। इस बाबत कुरेठा पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी,उप मुखिया संजय कुमार यादव,पंचायत समिति सदस्य फुलेश्वर उरांव,वार्ड सदस्य मनोज उरांव, समाजसेवी अनूप लाल ऋषि ने जिला पदाधिकारी को आवेदन सौंपते हुए इस मार्ग के जर्जर सड़क को निर्माण कराने की मांग की हैं। इस बाबत स्थानीय पंचायत जन प्रतिनिधियों ने बताया कि मनिया से कुरेठा पंचायत के कुरेठा तक आने वाली मुख्य सड़क जिसकी दूरी 4.150 किलोमीटर हैं। संवेदक के द्वारा कार्य प्रारंभ की तिथि 20 नवंबर 2025 हैं जबकि कार्य समाप्ति की तिथि 19 नवंबर 2026 हैं।

# अंजुमन तरक्की ए उर्दू अररिया ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** सरकारी कार्यालय के साइन बोर्ड पदाधिकारी के नामपट एवं सार्वजनिक भवनों के नाम आदि हिंदी के साथ-साथ बिहार राज्य की द्वितीय राजभाषा उर्दू में प्रदर्शित करने के संबंध में एक मेमोरेंडम जिला शिक्षा पदाधिकारी अररिया को सौंपा है। यह मेमोरेंडम अंजुमन तरक्की ए उर्दू बिहार के उपाध्यक्ष मो आसिफुर्रहमान जमई अलीग के नेतृत्व में सौंपा गया है। बिहार राजभाषा अधिनियम 1980 के आलोक में मेमोरेंडम सौंपते हुए उपाध्यक्ष मो आसिफुर्रहमान ने उपयुक्त विषय एवं प्रासंगिक अधिनियम तथा उसके आलोक में समय-समय पर इस विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचनाओं संकल्प पत्रों का संदर्भ लिये जाने की आवश्यकता पर ध्यान दिए जाने की बात कही। हिंदी के साथ-साथ द्वितीय राजभाषा के रूप में उर्दू का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। इस संबंध में समय-समय पर निर्गत अधिसूचनाओं के आलोक में बिहार सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग उर्दू निदेशालय के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी के ज्ञापन 482 दिनांक 10 3.2026 एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए न्यायादेश के आलोक में प्राथमिकता के आधार पर 7 बिंदुओं पर कार्यान्वयन अतिआवश्यक है। मांग पत्र में मुख्य रूप से उर्दू में अर्जियां और आवेदन पत्रों की प्राप्ति और तथा संभव उर्दू में उसका उत्तर, उर्दू में लिखित दस्तावेजों को निबंधन कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना, महत्वपूर्ण सरकारी नियमों, विनियमों और अधिसूचनाओं का उर्दू में भी प्रकाशन होना चाहिए, सार्वजनिक महत्व के सरकारी आदेशों और परी पत्रों का उर्दू में जारी किया जाना, महत्वपूर्ण सरकारी विज्ञापनों का उर्दू में भी प्रकाशन होना, जिला गजट के उर्दू रूपांतरण का भी प्रकाशन किया जाना, महत्वपूर्ण संकेत पट्टों का उर्दू में भी प्रदर्शन किया जाना आदि मांगे शामिल हैं। उपाध्यक्ष श्री आसिफुर्रहमान ने लिखा है कि अपने अधीनस्थ विभागों ,कार्यालय के साइन बोर्ड , पदाधिकारी के नामपट, सार्वजनिक भवनों के नाम हिंदी के साथ-साथ द्वितीय राजभाषा उर्दू में प्रदर्शित करने हेतु सभी अधीनस्थ पदाधिकारी को निर्देशित करने की कृपा की जाए आदि मांगे शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग के भैया-बहनों ने संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय की वंदना सभा के दौरान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन तथा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडेय ने कराया। उन्होंने प्रश्न मंच प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, ज्ञानार्जन और प्रतिभा विकास के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विज्ञान प्रतियोगिता के शिशु एवं किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान, वैदिक गणित के शिशु एवं किशोर वर्ग में द्वितीय तथा बाल वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संस्कृत बोध प्रतियोगिता में शिशु वर्ग ने द्वितीय और किशोर वर्ग ने प्रथम स्थान हासिल किया। कथा कथन प्रतियोगिता में शिशु एवं बाल वर्ग दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। मूर्तिकला प्रतियोगिता में विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आचार्य पत्रवाचन प्रतियोगिता में विद्यालय की रूपम दीदी ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं आचार्य का सम्मान करते हुए कहा कि अनुशासन, सतत अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के भैया-बहन भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और समाज का नाम रोशन करेंगे।



### अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर पुलिस की बड़ी समीक्षा बैठक

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने की। बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। बैठक में पुलिस उप-महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र अंजनी कुमार झा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ज्ञान रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ फैजान अहमद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर रूपक कुमार सिंह तथा पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) मो. अरमानुल हक सहित जिले के सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने विगत छह माह में जिले में घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित कांडों का त्वरित अनुसंधान एवं शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराध से जुड़े लंबित मामलों का 60 दिनों के भीतर निष्पादन करने पर जोर दिया। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अत्याचार अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों की भी शीघ्र समीक्षा कर उनका समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें भी जल्द से जल्द निष्पादित करने पर बल दिया गया। आईजी ने सभी थाना प्रभारियों को आम नागरिकों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम जनता का विश्वास और मजबूत हो। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री में संलिप्त गिरोहों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ऐसे गिरोहों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही संगठित अपराध में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।



### कोयला परिवहन से जर्जर हुई केरेडारी-टंडवा मुख्य सड़क, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

**केरेडारी/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग पर चुंदुरु पुल से लेकर फोरलेन तीनमुहान तक सड़क की हालत अत्यंत खराब हो गई है। आम्रपाली कोल परियोजना से प्रतिदिन हजारों टन कोयला लेकर गुजरने वाले भारी हाइवा वाहनों के लगातार परिचालन के कारण सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे इस मार्ग पर सफर करना आम लोगों के लिए जोखिम भरा और मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौबीसों घंटे कोयला लदे भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हुई है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ गई है। दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, मरीजों और ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोयला परिवहन से कंपनियों को आर्थिक लाभ तो हो रहा है, लेकिन सड़क के रखरखाव और मरम्मत की दिशा में अपेक्षित पहल नहीं की जा रही है। लोगों का यह भी कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित कोयला कंपनी से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने, नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने तथा भारी वाहनों के सुरक्षित परिचालन के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।



# कटिहार-अमृतसर स्पेशल ट्रेन सेवाएं बढ़ीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने, सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने ट्रेन संख्या 05736/05735 कटिहार - अमृतसर -कटिहार स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को दोनों दिशाओं में पांच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन अपने मौजूदा संयोजन, समय-सारणी, ठहराव और अनुरक्षण सूची के साथ चलती रहेगी, जिससे बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मार्ग में पड़ने वाले अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी बरकरार रहेगी। 5 अगस्त से 2 सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05736 कटिहार-अमृतसर स्पेशल, प्रति बुधवार को 21:00 बजे कटिहार से रवाना होगी। जबकि 7 अगस्त से 4 सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05735 अमृतसर-कटिहार स्पेशल, प्रति शुक्रवार को 13:25 बजे अमृतसर से रवाना होकर अपने संबंधित गंतव्य तक पहुंचेगी। आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने और उसके फेरों की वृद्धि कर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए एनएफआर प्रतिबद्ध है। ऐसी पहल न केवल नियमित ट्रेनों पर भीड़-भाड़ कम करने में मदद करती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में यात्रियों के लिए आसान, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा भी सुनिश्चित करती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले आईआरसीटीसी और एनटीईएस वेबसाइट या एनएफआर के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर विस्तृत समय-सारणी और ठहरावों की जांच कर लें।



## शराब तस्करी करते एक गिरफ्तार 25.875 लीटर विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी पुलिस ने नशे के धंधेबाजों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर स्कुटी सहित विदेशी शराब की तस्करी करते एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली कि कवैया फोरलेन के पास एक स्कूटी के सहारे विदैशी शराब लायी जा रही है। थानाध्यक्ष ने तत्परता दिखाते हुए कवैया फोरलेन के पास सघन वाहन जाच चलाया। जांच के दौरान स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगा, मुस्तैद जवानों ने खदेरकर कपड लिया। स्कूटी की तलाशी लेने पर उसमे छुपाकर रखी 25.875 लीटर विदेशी शराब पुलिस ने बरामद की। पकडे गये व्यक्ति की पहचान सोनू साह ( 22) पिता मिक्की साह साकिन गणेशपुरथाना बखरी बाजार जिला भागलपुर के रुप मे की गयी है। मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं मे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

## स्थायी लोक अदालत की मध्यस्थता पर विधिक जागरूकता शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के हंसवर पंचायत भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर दत्तक ग्रहण प्रक्रिया तथा स्थायी लोक अदालत की मध्यस्थता से संबंधित कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को दत्तक ग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया, बच्चों के अधिकार तथा विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए उपलब्ध कानूनी विकल्पों की जानकारी देना था।शिविर में पैनल अधिवक्ता विजय कुमार पाठक एवं पीएलवी रेहाना परवीन ने उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि दत्तक ग्रहण केवल निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाने से बच्चे और दत्तक अभिभावकों दोनों के अधिकार सुरक्षित रहते हैं। साथ ही स्थायी लोक अदालत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपसी सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से कई विवादों का त्वरित एवं कम खर्च में समाधान संभव है।वक्ताओं ने लोगों से किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की अपील की। शिविर के अंत में उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।



## डीएलआरसी की समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** समाहरणालय सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 के डीएलआरसी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने की। मौके पर सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, उप विकास आयुक्त अमित कुमार,सभी वरीय उप- समाहर्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बैंकों के जिला-समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में नकद जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना,पीएमइजीपी,पीएमएफएमई,पी एम विश्वकर्मा, पीएम सूर्यघर, सर्टिफिकेट वाद आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी श्री द्विवेदी ने कहा कि वितीय वर्ष 2025-26 में जिले का ऋण अनुपात 79.98 फीसदी है।उन्होंने कमतर प्रदर्शन वाले बैंकों को इसमें अपेक्षित सुधार लाने एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है।



## मनिहारी प्रखंड में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड कृषि कार्यालय मनिहारी के सभागार में प्रखंड प्रमुख अनीता देवी की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार कृषि समन्वयक,किसान सलाहकार, कृषिकर्मी, किसान, जनप्रतिनिधि तथा सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड में यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं एसएसपी सहित सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी उर्वरक विक्रेताओं को किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने, मूल्य सूची एवं स्टॉक का प्रदर्शन करने तथा स्टॉक एवं विक्रय रजिस्टर नियमित रूप से संधारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने किसान सलाहकारों एवं कृषिकर्मियों को नैनो यूरिया के लाभ एवं उसके संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए किसानों को इसके उपयोग के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## रविदास महाराज की 650वी जयंती 29 जुलाई से 20 फरवरी तक मनायेगी : भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कटिहार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि केंद्रीय एवं बिहार के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी संत गुरु रविदास महाराज 650वी जयंती को 29 जुलाई से विभिन्न विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त करते हुए 20 फरवरी तक मनाने का कार्य करेगी। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने तथा जयंती समारोह को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर पार्टी ने पूरी तैयारी की है । उन्होंने कहा कि 29 तारीख गुरु पूर्णिमा के दिन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला की जाएगी।संत गुरु रविदास महाराज के आदर्श एवं विचार आज भी समाज को समानता, सेवा और सामाजिक समरसता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिला से लेकर मंडल स्तर के कार्यकर्ता विभिन्न विभिन्न मठ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे दीप जलाने का कार्य करेंगे। मनोज राय ने बताया कि श्रद्धेय संत गुरु रविदास जी के 650वि जयंती के उपलक्ष में सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। संत गुरु रविदास जी का समता, सद्भाव, सामाजिक समरसता और मानवता का संदेश आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

## रेल सेवा पुरस्कार से 51 रेलकर्मियों को डीआरएम ने किया सम्मानित






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार मंडल में वर्ष 2024-25 के रेल सेवा पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण,उत्कृष्ट कार्यशैली और रेलवे की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 51 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने प्रशस्ति-पत्र एवं रेल सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष निवेदिता नरह,अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा पूजा सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में डीआरएम श्री नरह ने पुरस्कार प्राप्त रेलकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों से यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने तथा रेलवे के विकास में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल के सभी विभागों के अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारी, महिला कल्याण संगठन के सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अंजनी प्रसाद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान मंडल सांस्कृतिक एसोसिएशन एवं स्काउट एंड गाइड द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिन्होंने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## अब हर साल नहीं देना होगा पीयूसी सर्टिफिकेट, बड़े बदलाव की तैयारी में सरकार


**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहन मालिकों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने वाहन मालिकों पर अनुपालन बोझ कम करने के लिए छह साल तक पुरानी प्राइवेट बीएस-6 गाड़ियों वाहनों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) की वैधता को मौजूदा एक साल से बढ़ाकर तीन साल करने का प्रस्ताव दिया है। इसके मुताबिक इन गाड़ियों का पहले रजिस्ट्रेशन की तारीख से 6 साल तक पीयूसी




अब पूरे 3 साल तक मान्य रहेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस बारे में एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस कदम का मकसद गाड़ी मालिकों पर बोझ कम करना है। इसके मुताबिक छह से 10 साल तक पुराने बीएस-6 वाहनों को हर दो साल में अपने पीयूसीसी प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराना होगा और 10 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को हर छह महीने में ऐसा करना होगा। नोटिफिकेशन के अनुसार बीएस-4 उत्सर्जन मानकों का अनुपालन करने वाले सभी मोटर वाहनों को हर छह महीने में अपने पीयूसीसी का नवीनीकरण कराना होगा। इसके अलावा बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 उत्सर्जन मानकों का अनुपालन करने वाले सभी मोटर वाहनों को हर तीन महीने में अपने पीयूसीसी का नवीनीकरण कराना होगा। बीएस या भारत चरण देश में वाहन उत्सर्जन मानकों से संबंधित है।

## आइडिया तो कोई भी चीज हो सकती है, लेकिन उसे असलियत में बदलना मुश्किल काम है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइकल डेल 'डेल टेक्नोलॉजीज' के फाउंडर हैं। उनका जन्म 1965 में ह्यूस्टन, टेक्सास में हुआ था। 15 साल की उम्र में माइकल डेल ने अपना पहला कंप्यूटर खरीदा। यह देखने के लिए कि वह कैसे काम करता है। फिर उसे तुरंत खोलकर अलग-अलग कर दिया। हाई स्कूल के बाद 1983 में डेल ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में प्री-मेड की पढ़ाई शुरू की। अपने डॉर्म में कंप्यूटर अपग्रेड किट बेचकर और उन्हें इंस्टॉल करके कुछ पैसे कमाने के बाद डेल ने




कॉलेज के पहले साल में ही पढ़ाई छोड़ दी। अगले साल 1984 में डेल ने नाम से कंपनी रजिस्टर की। उन्हें यकीन था कि सीधे ग्राहकों को कंप्यूटर बेचने से लागत में काफी बचत हो सकती है। मई 1984 तक डेल ने कंपनी का नाम बदलकर 'डेल कंप्यूटर कॉर्पोरेशन' कर दिया। 1992 तक 27 साल की उम्र में डेल 'फॉर्च्यून 500' कंपनी के सबसे कम उम्र के सीईओ बन गए। 1996 में डेल ने इंटरनेट पर कंप्यूटर बेचना शुरू किया। 2001 तक डेल दुनिया की सबसे बड़ी पर्सनल कंप्यूटर बनाने वाली कंपनी बन गई। फोर्ब्स के अनुसार, 27 जुलाई 2026 तक उनकी रियल टाइम नेटवर्थ 232.8 अरब डॉलर थी। माइकल डेल के विचार बड़ी संख्या में लोगों को प्रेरित करते हैं।

# डिस्काउंट में 2 से 20 डॉलर तक स्विंग

### रूसी तेल ऐसे बना भारत के लिए बैरोमीटर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध से रूसी कच्चे तेल की कीमतें लगातार घटती-बढ़ती रही हैं। भारतीय रिफाइनरियों के लिए ये कीमतें बाजार की घबराहट का पैमाना बन गईं। संघर्ष से पहले डिस्काउंट लगभग 2 डॉलर प्रति बैरल था। सप्लाई को लेकर मची अफरातफरी के चरम पर बेंचमार्क ब्रेंट से यह 20 डॉलर तक ज्यादा (प्रीमियम) हो गया। फिर थोड़े समय के लिए सीजफायर के दौरान वापस लगभग 10 डॉलर के डिस्काउंट पर आ गया। लड़ाई फिर शुरू होने पर यह लगभग बराबरी पर लौट आया।

जब ईरान ने मार्च की शुरुआत में होर्मुज स्ट्रेट को असल में बंद कर दिया तब खाड़ी से सप्लाई लाने वाले कच्चे तेल के टैंकर फारस की खाड़ी में फंस गए। इससे दूसरे विकल्पों की तेजी से तलाश शुरू हुई।

तब से भारत के आयात में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत या उससे ज्यादा बनी हुई है। हालांकि, इन बैरल को खरीदने की लागत सप्लाई के जोखिम को लेकर बदलती धारणाओं के साथ घटती-बढ़ती रही है। चीन की ओर से कच्चे तेल की खरीद में भारी कमी आने से भी भारत और अन्य खरीदारों के लिए अतिरिक्त रूसी कार्गो उपलब्ध हो गए। क्योंकि ब्राजील, वेनेजुएला, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से सप्लाई बेहतर हो गई। ईरान-अमेरिका युद्धविराम ने बाजार को भरोसा दिलाया कि सप्लाई में बड़ी रुकावट की संभावना कम है।

### भारत लाया है सप्लाई में विविधता

हाल के दिनों में भारतीय रिफाइनरी अपनी सप्लाई के स्रोतों में विविधता लाई हैं। अंगोला, गैबॉन और कांगो से कार्गो हासिल किए हैं। जबकि सऊदी अरब ने खाड़ी में आई रुकावटों की भरपाई के लिए अपने रेड सी एक्सपोर्ट टर्मिनल से शिपमेंट बढ़ा दिए। कम होने से अप्रैल तक रूसी कच्चे तेल पर प्रीमियम घटकर लगभग 10 डॉलर प्रति बैरल रह गया। मई तक प्रीमियम लगभग खत्म हो गया।

### मददगार साबित हुआ रूस

इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, 'रूस मददगार साबित हुआ।' उन्होंने बताया कि रूसी कार्गो की बड़ी मात्रा पहले से ही समुद्र में (हिंद महासागर सहित) मौजूद थी। इससे वे भारतीय रिफाइनरियों तक अपेक्षाकृत तेजी से पहुंच सके। लेकिन, जब खरीदार हर उपलब्ध कार्गो के लिए होड़ कर रहे थे तब रूसी कच्चे तेल के विक्रेता भारी प्रीमियम वसूलने में कामयाब रहे।

## एप्पल एनवी इंडिया को पछाड़कर बनी दुनिया की नंबर-1 कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों की रेस में एक बार फिर ने बाजी मार ली है। पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का ताज फिर से अपने नाम कर लिया है। दिलचस्प बात यह है कि जहां दूसरी बड़ी टेक कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं, वहीं की संतुलित और कम खर्च वाली रणनीति निवेशकों को काफी पसंद आ रही है। रिकॉर्ड हाई पर एप्पल के शेयर सोमवार को एप्पल के शेयर 1.17 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 336.91 डॉलर पर बंद हुए। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप करीब 4.94 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। दूसरी ओर एआई चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी एप्पल के शेयर लगभग 5 प्रतिशत गिर गए, जिससे उसका मार्केट कैप घटकर करीब 4.75 ट्रिलियन डॉलर रह गया। इसी वजह से एप्पल फिर से नंबर-1 कंपनी बन गई। इस साल एप्पल के शेयरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2026 में अब तक कंपनी



का शेयर 22 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ चुका है। इतना ही नहीं, एप्पल ने अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों के समूह में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मार्केट एक्सपर्ट जे वुड्स का कहना है कि जरूरत से ज्यादा पैसा खर्च नहीं किया, इसलिए वह उन वित्तीय चुनौतियों से बच गया जिनका सामना कई दूसरी कंपनियां कर रही हैं। यही वजह है कि निवेशकों का भरोसा पर लगातार बढ़ रहा है।

### एआई रणनीति सबसे बड़ा कारण

एप्पल की इस सफलता के पीछे उसकी एआई रणनीति को बड़ा कारण माना जा रहा है। पिछले कुछ समय में माइक्रोसॉफ्ट, मेटा गूगल और अमेजन जैसी कंपनियों ने एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग पर भारी निवेश किया है।

### तिमाही नतीजों पर निवेशकों की नजर

अब निवेशकों की नजर तिमाही नतीजों पर है, जो इस सप्ताह अमेरिकी बाजार बंद होने के बाद जारी होंगे। सभी यह जानना चाहेंगे कि कंपनी यानी अपनी एआई तकनीक को कितनी तेजी से आगे बढ़ाती है और क्या वह बिना भारी खर्च किए अपनी कमाई और मुनाफे को मजबूत बनाए रख सकती है। अगर अपनी मौजूदा रणनीति के साथ बेहतर नतीजे पेश करता है, तो उसके लिए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का ताज लंबे समय तक अपने पास बनाए रखना आसान हो सकता है। वहीं, कंपनियों के लिए आने वाले महीनों में निवेशकों का भरोसा बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।

# सरकार ने क्रिप्टो पर बढ़ाई सख्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय मामलों से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने पिछले हफ्ते अपनी रिपोर्ट में क्रिप्टोकरंसी सहित वर्चुअल डिजिटल असेट्स के बारे में सरकार को सेल्फ रेगुलेटरी ऑर्गनाइजेशन बनाने की सलाह दी थी। अब सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने एक गाइडेंस नोट में कहा है कि क्रिप्टो एक्सचेंजों और ब्रोकरों सहित अन्य इंटरमीडियरीज को अपने प्लैटफॉर्म पर लेनदेन की जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को देनी होगी। इसमें क्रिप्टो से जुड़े टैक्स नियमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन निवेशकों की ओर से दी जाने वाली जानकारी और असल ट्रांजैक्शन में मिसमैच की गुंजाइश खत्म करने के लिहाज से यह अहम कदम है।

**क्यों उठाया कदम:** ऑर्गनाइजेशन फॉर इकनॉमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट और भारत सहित भागीदार देशों ने मिलकर क्रिप्टो असेट रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क बनाया है। इसमें क्रिप्टो एक्सचेंजों सहित सभी रिपोर्टिंग क्रिप्टो-असेट सर्विस प्रोवाइडर्स के दायित्व तय किए गए हैं। इस फ्रेमवर्क के हिसाब से ताजा कदम उठाया है। तहत वैश्विक स्तर पर जानकारी जुटाने में आसानी होगी।

कई निवेशक विदेशी ट्रांजैक्शन सहित अपने ट्रेड्स को रिटर्न में दिखाना भूल जाते हैं। अब एक्सचेंजों के लिए जानकारी देना अनिवार्य करने से टैक्स विभाग को इनसे पूरी जानकारी मिल जाएगी और निवेशकों के सेल्फ डिक्लेरेशन तक बात सीमित नहीं रहेगी। इससे करदाता के एनुअल इंफॉर्मेशन स्टेटमेंट और संबंधित दस्तावेज को ऑटो-पॉपुलेट करने और जानकारी को क्रॉस वेरिफाई करने में आसानी होगी। करदाताओं के लिए कोई नई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है, लेकिन उन्हें भी अब जानकारी देने में सतर्कता बरतनी होगी।क्रिप्टो से जुड़े टैक्स स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं हुआ। क्रिप्टो भारत में रुपये की तरह लीगल टेंडर भी नहीं है। वर्चुअल डिजिटल असेट्स से कैपिटल गेंस पर 30 प्रतिशत के फ्लैट रेट से ही टैक्स लगेगा। क्रिप्टो ट्रेडिंग में लॉस को दूसरे गेंस से ऑफसेट नहीं किया जा सकता या आने वाले वित्त वर्षों के लिए कैरी फॉरवर्ड नहीं किया जा सकता।

एक्सचेंजों सहित लेनदेन से जुड़ी जानकारी जुटानी होगी और वेरिफाई करके उसे टैक्स विभाग को देना होगा। उन्हें कस्टमर की टैक्स रेजिडेंसी सहित पूरी जांच-पड़ताल करनी होगी, कराना होगा और एनुअल ट्रांजैक्शन इंफॉर्मेशन भी देना होगा। इस तरह टैक्स विभाग के लिए क्रिप्टो एक्सचेंज जानकारी पाने का प्राथमिक जरिया बन जाएंगे।

एडुल पटेल ने कहा, 'रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड्स के मुताबिक करने से भारत मौजूदा टैक्स व्यवस्था को बदले बिना क्रिप्टो असेट्स को एक व्यवस्थित फाइनैंशल रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क में ला रहा है। इस कदम ने एक व्यापक पॉलिसी फ्रेमवर्क की नींव रखी है।

### आपके पुराने नोटों का क्या होगा

# जल्द आने वाले हैं 10 और 20 के प्लास्टिक नोट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक देश के करेंसी सिस्टम को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने वाला है। जल्द ही बाजार में 10 रुपये और 20 रुपये के प्लास्टिक (पॉलीमर) नोट दिखाई देंगे। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब इनके आने का रास्ता साफ हो गया है। आरबीआई कुल 200 करोड़ पॉलीमर नोट छापकर ट्रायल शुरू करेगा। ड्यूरेबिलिटी, फर्जीवाड़े पर रोक और छपाई लागत में कमी लाने के मकसद से ऐसा किया जा रहा है। इस ट्रायल के बावजूद पुराने कागजी नोट भी बाजार में पूरी तरह से वैध और चलन में बने रहेंगे। संसद के मानसून सत्र के दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में पुष्टि की कि सरकार ने 10 रुपये



और 20 रुपये के 100-100 करोड़ यानी कुल 200 करोड़ पॉलीमर नोटों के ट्रायल को हरी झंडी दे दी है।

### प्लास्टिक नोटों की खासियत

पॉलीमर बैंकनोट्स सामान्य कागज के बजाय खास तरह के प्लास्टिक मटीरियल (पॉलीमर सबस्ट्रेट) पर प्रिंट होते हैं। ये नोट वजन में सामान्य नोटों की तरह ही हल्के होते हैं, लेकिन इनकी शेल्फ लाइफ कागजी नोटों से कई गुना अधिक होती है। ये पानी में भीगने पर गलते नहीं हैं, धूल-गंदगी से खराब नहीं होते और आसानी से फटते भी नहीं हैं। पॉलीमर नोटों के लंबे समय तक चलने से बार-बार नोट छापने का भारी-भरकम वित्तीय बोझ भी काफी हद तक कम हो जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में कागजी नोटों की छपाई पर आरबीआई ने 6,372.8 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

### नकल करना है मुश्किल

पेपर करेंसी की तुलना में पॉलीमर सबस्ट्रेट शीट पर एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स को शामिल करना बेहद आसान होता है। इस खास प्लास्टिक मटीरियल पर होलोग्राम और विशेष रंग बदलने वाली स्याही जैसी तकनीकों का सटीक इस्तेमाल किया जा सकता है। इन आधुनिक फीचर्स के कारण जालसाजों के लिए पॉलीमर नोटों की नकल बनाना या नकली नोट तैयार करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इससे देश की वित्तीय सुरक्षा प्रणाली को मजबूती मिलेगी। रिजर्व बैंक और सरकार ने साफ किया है कि पॉलीमर नोटों के आने से मौजूदा 10 रुपये और 20 रुपये के कागजी नोटों की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह 'को-एग्जिस्टेंस' मॉडल पर काम करेगा। इसमें दोनों तरह के नोट बाजार में एक साथ इस्तेमाल किए जा सकेंगे। नए प्लास्टिक नोटों की बाजार में एंट्री अचानक न होकर चरणबद्ध तरीके से होगी।

### ग्लोबल टेंडर जारी

इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए आरबीआई की नोट-प्रिंटिंग यूनिट ने एडवांस्ड सिक्योरिटी फीचर्स से लैस पॉलीमर सबस्ट्रेट शीट की सप्लाई के लिए एक ग्लोबल टेंडर यानी 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' जारी किया है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों से बोलियां मंगाई गई हैं। इसमें आवेदन करने की आखिरी तारीख 18 अगस्त है। टेंडर प्रक्रिया और कच्चे माल की सप्लाई पूरी होने के बाद इन नोटों की छपाई शुरू की जाएगी। जब तक नए नोट पूरी तरह से अर्थव्यवस्था में स्थापित नहीं हो जाते तब तक कागजी नोट सामान्य रूप से सर्कुलेशन में बने रहेंगे। इन देशों में चलते हैं प्लास्टिक नोट भारत में नोटों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए पॉलीमर करेंसी लाने की दिशा में पहला प्रयास साल 2012 में किया गया था। हालांकि, तकनीकी बाधाओं के कारण वह परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी थी। अब व्यापक मूल्यांकन और नफे-नुकसान का अध्ययन करने के बाद इस प्रोजेक्ट को दोबारा हवा दी गई है।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर की 13 तिमाहियों में सबसे मजबूत ग्रोथ लेकिन शेयरों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेक्टर की बड़ी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने आज वित्त



वर्ष 2027 की पहली तिमाही का रिजल्ट जारी किया। जून तिमाही में कंपनी के कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 3 प्रतिशत की गिरावट आई। इस दौरान कंपनी का प्रॉफिट 2,673 करोड़ रहा, जो एनालिस्ट्स के अनुमान से कम है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 2,756 करोड़ था। कंपनी का कहना है कि पिछले साल की इसी अवधि में उसके वन-ऑफ टैक्स क्रेडिट मिला था।

हालांकि इस दौरान कंपनी का ऑपरेशन्स से रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले 10.2 प्रतिशत बढ़कर 17,149 करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 15,552 करोड़ था। जून तिमाही में ॥रु ने 10 प्रतिशत की अंडरलाइंग सेल्स ग्रोथ दर्ज की। इसमें वॉल्यूम और कीमत दोनों का बराबर योगदान रहा। यह कंपनी की पिछली 13 तिमाहियों में सबसे मजबूत ग्रोथ है।

**शेयर की चाल:** इस तिमाही के लिए सालाना आधार पर 8 प्रतिशत बढ़कर 3,947 करोड़ हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 3,640 करोड़ था। हालांकि, कंपनी की इन्वेस्टर प्रेजेंटेशन के अनुसार, मार्जिन 23.4 प्रतिशत से 40 बेसिस पॉइंट्स घटकर 23 प्रतिशत रह गया। नतीजे आने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 2,060.55 रुपये पर आ गया जो इसके 52 हफ्ते के लो के करीब है। ॥रु का शेयर पिछले सत्र में 2,174.75 रुपये पर बंद हुआ था और आज फ्लैट खुला। शुरुआती कारोबार के दौरान यह 2,212 रुपये तक उछला। रिजल्ट आने के बाद इसमें काफी गिरावट आई। दोपहर 12.00 बजे यह 4.73 प्रतिशत गिरावट के साथ 2071.90 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 2,682.41 रुपये और न्यूनतम स्तर 2,023.05 रुपये है।

## पहले ही दिन मालामाल करेगा इंडो-एमआईएम का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडो-एमआईएम के आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी का आईपीओ 72 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ है। इंडो-एमआईएम के आईपीओ में मंगलवार 28 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट फाइनल हो सकता है। कंपनी के शेयरों का मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम बंपर लिस्टिंग का इशारा कर रहा है। इंडो-एमआईएम के शेयर ग्रे मार्केट में 39 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ कारोबार कर रहे हैं। कंपनी के आईपीओ का टोटल साइज 3811 करोड़ रुपये तक का था। इंडो-एमआईएम के आईपीओ में शेयर का दाम 485 रुपये है। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 190 रुपये के फायदे के साथ कारोबार कर रहे हैं। मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से देखें तो इंडो-एमआईएम के शेयर 675 रुपये के करीब बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। कंपनी के आईपीओ में जिन निवेशकों को इसके शेयर अलॉट होंगे, वह लिस्टिंग वाले दिन 39 पर्सेंट से अधिक के फायदे की उम्मीद लगा सकते हैं। इंडो-एमआईएम के शेयर गुरुवार 30 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इंडो-एमआईएम का आईपीओ 72.37 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों या रिटेल इनवेस्टर्स की कैटेगरी में 6.69 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। वहीं, एंप्लॉयीज का कोटा 9.44 गुना सब्सक्राइब हुआ। इंडो-एमआईएम के आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों या नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 50.65 गुना सब्सक्राइब हुआ है।

## बाजार में कदम रखते ही चीन की सबसे वैल्यूबल कंपनी बनी सीएक्सएमटी, रिलायंस से तीन गुना मार्केट कैप


**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की मेमोरी चिप बनाने वाली कंपनी ने शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत की है। करीब 8.6 अरब डॉलर जुटाने के बाद कंपनी के शेयरों ने पहले ही दिन 500 प्रतिशत की छलांग लगाई, जिससे यह चीन की सबसे कीमती लिस्टेड कंपनी बन गई है। कंपनी का मार्केट कैप 500 अरब डॉलर से ज्यादा है जबकि भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप करीब 180 अरब डॉलर है। धमाकेदार प्रदर्शन से साउथ कोरिया के मार्केट में आज करीब 8 फीसदी गिरावट आई है। जानिए क्यों मचा है हंगामा चीन की प्रमुख कंपनी है जो डायनेमिक रैंडम-एक्सेस मेमोरी चिप बनाती है। ये चिप स्मार्टफोन, पर्सनल कंप्यूटर, सर्वर, एआई सिस्टम और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक चीजों में डेटा को अस्थाई तौर पर मेमोरी के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।

कंपनी को पिछले साल से मेमोरी चिप्स की वैश्विक मांग बढ़ने का काफी फायदा मिला है, जो खासकर एआई




के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शंघाई शेयर बाजार में 500 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दिखाती है कि निवेशक घरेलू चिप कंपनियों को लेकर कितने उत्साहित हैं। यह उछाल बताता है कि निवेशक उन कंपनियों के लिए बड़ी कीमत चुकाने को तैयार हैं जो पूरी तरह से चिप बनाने का काम करती हैं। यह लिस्टिंग इस बात का भी सबूत है कि चीनी निवेशक अपनी चिप कंपनियों पर कितना भरोसा कर रहे हैं। दूसरी तरफ दुनिया भर के टेक्नॉलजी शेयर कभी एआई के नाम पर ऊपर जाते हैं तो कभी मंदी के डर से नीचे। चीन के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है।



# भाई तेरा... एक मिशन जैसी

'किल' में खतरनाक विलेन बनकर चौंकाने वाले राघव जुयाल अब कॉमेडी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के साथ लौट रहे हैं। वह खुद को हीरोइक जॉनर में लेकर आ गए हैं। नई फिल्म को लेकर उन्होंने खास बातचीत की...

## कॉमेडी को फिर से बड़े परदे पर लाना चाहता हूं

बचपन में परिवार एक साथ थिएटर जाकर कॉमेडी फिल्में देखा करता था। आज भी दर्शकों के भीतर उसी तरह की फिल्मों की भूख मौजूद है, लेकिन इंडस्ट्री में ऐसी फिल्में कम बन रही हैं। मेरे लिए 'भाई तेरा स्टार है' सिर्फ एक कॉमेडी फिल्म नहीं है। यह एक मिशन जैसी है। मैं चाहता हूं कि लोग फिर से थिएटर में बैठकर बिना दिमाग पर बोझ लिए खुलकर हंसें। मुझे लगता है कि गोविंदा सर वाली जो मास एंटरटेनर कॉमेडी थी, उसकी जगह आज भी खाली है।

## दर्शक अब नए चेहरों को भी पसंद कर रहे हैं

'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में मेरे कॉमिक अंदाज को दर्शकों ने पसंद किया। इसी ने मेरा भरोसा मजबूत किया कि अच्छी कॉमेडी की आज भी ऑडियंस है। दर्शक सिर्फ बड़े स्टार नहीं देखते, अच्छी कहानी, नए चेहरों को भी अपनाते हैं।

भाई: तेरा... में ऐसा युवा हूं, जिसके सपने बड़े, जेब छोटी है

मैं फिल्म 'भाई तेरा स्टार...' में ऐसे लड़के का रोल कर रहा हूं, जो खुद को भविष्य का सुपरस्टार मानता है। उसके सपने बड़े हैं, पर जेब छोटी है। एक डॉन से पैसे लेने के बाद उसकी जिंदगी में गलतफहमियों और भाग-दौड़ का सिलसिला शुरू हो जाता है। उसका कॉन्फिडेंस ही उसकी ताकत भी है और मुसीबत भी।

## मेकर्स से कहकर फिल्म प्रीपोन करवाई, आगे इंटेंस रोल्स हैं

फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद लगा कि इसे पहले रिलीज किया जाए। इसलिए मेकर्स से खुद कहा कि मेरी आगे जो फिल्में आने वाली हैं, उनमें मैं लगातार गंभीर और इंटेंस किरदार निभा रहा हूं।

ऊर्जा: ऑन-द-स्पॉट जोक्स और रिएक्शन बने फिल्म की बड़ी ताकत

सेट पर कई बार ऑन-द-स्पॉट जोक्स और रिएक्शन आते हैं। मुझे लगता है कि वही चीज इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत बनी है। 'भाई तेरा स्टार है' में मैंने अपने वास्तविक व्यक्तित्व को इस्तेमाल किया है।



# सर्वगुण..... में नॉन ग्लैमरस रोल में दिखेंगी वाणी

वाणी कपूर की अगली फिल्म 'सर्वगुण संपन्न' है। इसकी निर्देशक सोनाली रतन देशमुख हैं। उन्होंने इस फिल्म के आइडिया से लेकर वाणी के इससे जुड़ने और कहानी के फोकस पर खास बातचीत की...

निर्देशक सोनाली 'सर्वगुण संपन्न' को लेकर कहती हैं... 'फिल्म की शुरुआत किसी स्टार को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि एक वन-लाइनर आइडिया से हुई थी। 'शिद्दत' के बाद मैडॉक फिल्म्स की क्रिएटिव हेड शारदा कार्की ने मुझे लेखक सुमित घिल्डियाल के साथ तैयार की गई कहानी सुनाई, जिसमें मुझे अलग तरह की मानवीय कॉमेडी नजर आई। इसके बाद स्क्रिप्ट पर कई महीनों तक काम हुआ। कहानी को बार-बार लिखा गया ताकि हास्य परिस्थितियों से पैदा हो और भावनात्मक संतुलन भी बना रहे। वन-लाइनर सिर्फ दिशा देता है, असली फिल्म स्क्रीनप्ले में तैयार होती है।'

फिल्म पूरी तरह फैमिली ड्रामा, जिंदगी में का आए बदलावों के इर्द-गिर्द घूमती है कहानी

सोनाली का कहना है कि 'फिल्म की बाहरी परत देखकर निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए। किसी एडल्ट स्टार से मिलती-जुलती शक्ल कहानी की सिर्फ शुरुआती वजह है, जबकि पूरी फिल्म एक छोटे शहर की लड़की की जिंदगी में आए बदलावों और पारिवारिक रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती है।

किरदार को जीने पर रहा वाणी को पूरा जोर

बकौल सोनाली... 'फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले वाणी ने करीब तीन महीने तक अपने किरदार पर काम किया। इस दौरान लगातार स्क्रिप्ट रीडिंग, वर्कशॉप और किरदार की मानसिकता, भाषा, बॉडी लैंग्वेज व व्यवहार पर विस्तार से चर्चा की गई। हमारा उद्देश्य वाणी से सिर्फ अभिनय कराना नहीं था, बल्कि उन्हें उस लड़की की दुनिया और व्यक्तित्व में पूरी तरह ढालना था, ताकि स्क्रीन पर उनका किरदार पूरी तरह स्वाभाविक लगे।'

ऋषिकेश भी फिल्म में सिर्फ लोकेशन नहीं, कहानी का अहम किरदार भी रही

सोनाली बताती हैं...' फिल्म के लिए ऋषिकेश का चयन केवल खूबसूरत लोकेशन की वजह से नहीं किया गया। धार्मिक माहौल, छोटे शहर की सामाजिक संरचना और पारिवारिक जीवन कहानी अहम हिस्सा हैं। शूटिंग ऋषिकेश के साथ हरिद्वार और देहरादून में भी हुई, लेकिन कहानी की आत्मा ऋषिकेश में ही बसती है।'

रिश्तों की केमिस्ट्री पर रखा है फोकस, दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने का है लक्ष्य

सोनाली ये भी कहती है कि 'फैमिली कॉमेडी में पंचलाइन से ज्यादा रिश्तों की केमिस्ट्री काम करती है। अगर फिल्म खत्म होने के बाद दर्शक मुस्कुराते हुए सिनेमाघर से बाहर निकलेंगे, तो वही 'सर्वगुण संपन्न' की सबसे बड़ी सफलता होगी।'

स्क्रिप्ट लॉक होने के बाद फिल्म से जुड़ी थीं वाणी, तोड़ी अपनी ग्लैमरस इमेज

सोनाली के अनुसार, 'स्क्रिप्ट के कई ड्राफ्ट पूरे होने के बाद ही वाणी को कहानी सुनाई गई। इस बार वाणी अपने अब तक के ग्लैमरस स्क्रीन इमेज से अलग ऋषिकेश की एक साधारण, चश्मा लगाने वाली और सलवार-कमीज पहनने वाली लड़की के किरदार में नजर आएंगी। कई बार सेट इमेज से निकलकर सामान्य किरदार निभाना भी चैलेंजिंग होता है।'



# हैवान के स्टंट खुद कर रहे अक्षय

अक्षय कुमार की फिल्म 'हैवान' का 40 दिन का मुख्य शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। तकनीकी टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, अक्षय ने फिल्म के ज्यादातर हाई रिस्क एक्शन सीक्वेंस खुद किए हैं। फिल्म से जुड़े तकनीकी सूत्रों के मुताबिक, अक्षय आज भी अपने अधिकतर एक्शन सीक्वेंस बिना बॉडी डबल के शूट करना पसंद करते हैं। कई बार टीम उन्हें स्टंट डबल इस्तेमाल करने की सलाह देती है, लेकिन वह जोखिम भरे शॉट भी खुद करने पर जोर देते हैं। यही वजह है कि 'हैवान' में उनका एक्शन फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, 'हैवान' का मुख्य शेड्यूल करीब 40 दिनों में पूरा किया गया। फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर केरल के घने जंगलों और प्राकृतिक लोकेशंस पर हुई है। जंगल आधारित कहानी के कारण फिल्म का विजुअल ट्रीटमेंट पारंपरिक एक्शन फिल्मों से अलग और अधिक भव्य नजर आएगा। हर बड़े एक्शन सीन से पहले कैमरा ब्लॉकिंग, फाइट डिजाइन, वायर सेटअप और सेफ्टी टेस्ट किए जाते हैं। अक्षय इन तैयारियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं।

## 'हैवान' में प्रैक्टिकल स्टंट पर जोर

'हैवान' का एक्शन इसकी सबसे बड़ी खासियत होगा। फॉरेस्ट टेरेन पर फिल्माए गए सीक्वेंस में प्राकृतिक बाधाओं को ही एक्शन डिजाइन का हिस्सा बनाया गया है। लॉन्ग-टेक फाइट्स, प्रैक्टिकल इफेक्ट्स और कम ष्टत्रद्ब के जरिए फिल्म को अधिक रियलिस्टिक और तकनीकी रूप से अलग बनाने की कोशिश की गई है। ताकि परदे पर वास्तविक अनुभव मिल सके।

अनीस बज्मी की एक फिल्म भी केरल में ही शूट कर रहे अक्षय

हैवान के साथ ही अक्षय, निर्देशक अनीस बज्मी की नई फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। इसका पहला शेड्यूल भी केरल में शूट हुआ है, लेकिन अब तक केवल 12 से 15 प्रतिशत शूटिंग ही पूरी हुई है। फिल्म फिलहाल रुकी हुई है और यह फैमिली कॉमेडी ड्रामा है। इसमें विद्या बालन और राशि खन्ना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। इस बीच खबर है कि अक्षय फिलहाल छुट्टियों पर हैं और अगली शूटिंग का फैसला ब्रेक खत्म होने के बाद लिया जाएगा।

'भूल भुलैया' फ्रेंचाइज को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। मेकर्स अब फिल्म के चौथे पार्ट की शुरुआती प्लानिंग में जुटे हैं। सबसे बड़ी चर्चा यह है कि फिल्म में अक्षय और कार्तिक आर्यन को साथ लाने की कोशिश की जा सकती है।



# अमाल मलिक ने तनिष्क बागची को दी चेतावनी; लगाए ये संगीन आरोप

सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक ने वे सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जिनमें उन्होंने साथी म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची पर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, म्यूजिशियन ने अब साफ किया है कि वे अपनी कही बातों पर अब भी कायम हैं। अमाल ने तनिष्क बागची पर म्यूजिक की नकल करने और दूसरों के काम का श्रेय लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर धमकाया जा रहा था। इसके अलावा, अमाल ने दावा किया कि तनिष्क ने एक महिला से शादी का वादा करने के बाद कथित तौर पर उसका भावनात्मक शोषण किया था।

सोच समझकर उठाया गया कदम एक्स पर शेयर किए गए एक नए बयान में अमाल ने बताया कि पोस्ट हटाने का फैसला सिर्फ अपनी टाइमलाइन को साफ-सुथरा रखने के लिए था। उन्होंने कहा कि यह कदम साफ सोच के साथ उठाया गया था और वे अपनी बात पर कायम हैं कि उन्होंने जरूरी कदम उठा लिए हैं।

## अपने रुख पर कायम हैं अमाल

हटाए गए पोस्ट को लेकर हो रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमाल ने साफ किया कि वे पहले लगाए गए आरोपों से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पोस्ट हटाना सिर्फ अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कचरा हटाने का एक तरीका था न कि इस बात का संकेत कि उन्होंने अपना रुख बदल लिया है।

सिंगर ने इस बात पर भी बात की कि उन्होंने अभी क्यों आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि आरोप सार्वजनिक करने का फैसला लेने से पहले वे वर्षों तक चुप रहे। उन्होंने लिखा, 'अपने गुस्से को दबाए रखने के लिए लगभग 10 साल तक बहुत सब्र करना पड़ा। आज एक दशक बाद, मुझे आवाज उठानी पड़ी, क्योंकि कोई भी सही चीज के लिए खड़ा नहीं होना चाहता।' उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री के उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उन्होंने घटिया लोग कहा।

पोस्ट हटाने के बाद भी, अमाल ने अपने ताजा बयान में तनिष्क बागची पर निशाना साधना जारी रखा। यह दावा करते हुए कि उन्होंने एक बहुत बुरे आदमी के बारे में सच सामने ला दिया है, अमाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि कर्म अपना असर दिखाएगा। उन्होंने तनिष्क को सीधे संबोधित करते हुए हिंदी में लिखा, 'बेटे, मुझसे तो औकात में ही रहना। जिंदगी भर के लिए ये चेतावनी दे रहा हूं।'। तनिष्क बागची ने इन दावों पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।





# सलमान सर मौका नहीं देते तो फिल्मों में काम नहीं कर रही होती

**टेलीविजन पर चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में करियर की शुरुआत करने वाली महिमा मकवाना का सफर कत्तई आसान नहीं रहा। सिंगल मदर की उंगली पकड़कर चॉल में संघर्षों में पली-बढ़ी महिमा आज टीवी, ओटीटी और फिल्मों तीनों माध्यमों पर काम कर रही हैं।**

सलमान खान की 'अंतिम' में हीरोइन के रूप में चुने जाने ने उनके जीवन की धारा मोड़ कर रख दी। वह कहती हैं, 'अपनी पूरी जर्नी का मैं दिल से सम्मान करती हूं। मैं लोगों से सिर्फ इतना कहना चाहूंगी कि अगर मैं कर सकती हूं, तो कोई भी कर सकता है। बस मेहनत करते रहिए, हार मत मानिए। किस्मत में जो होगा, वह मिलेगा, लेकिन हमें कोशिश करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए।'

मेरे पेट डॉग परिंदा ने प्यार के मायने समझाए

प्यार-रोमांस को लेकर वह फलसफे के अंदाज में कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि प्यार हमारी जिंदगी में ऑक्सीजन का काम करता है, मगर मैं अपनी बात करूं, तो इस समय मेरी जिंदगी में सेल्फ इम्प्रूवमेंट और मेरा करियर मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं। प्यार बहुत खूबसूरत चीज है, लेकिन हम सब अपनी-अपनी प्राथमिकताओं के हिसाब से फैसले लेते हैं। कुछ लोग हमारी जिंदगी में आते हैं, कुछ चले जाते हैं। लेकिन आज मेरे आसपास बहुत अच्छे दोस्त हैं, मेरा परिवार है, इसलिए मैं अपने आपको पूरी तरह कंप्लीट महसूस करती हूं। परिंदा नामक मेरे पेट डॉग ने मुझे प्यार के असली मायने समझाए।

अपने जीवन और करियर में अपनी मां के योगदान को अहमियत देते हुए वह कहती हैं, 'मां-बाप का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता। वो हमें दुनिया में लाई हैं, उससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। लेकिन जब मैंने कमाना शुरू किया, तब मैंने मां से कहा कि अब आपको काम करने की जरूरत नहीं है। आज मेरी सबसे बड़ी कोशिश यही रहती है कि उन्हें एक आरामदायक और सुकून भरी जिंदगी दूं। लोग सोचते हैं कि शायद मैंने उन्हें कोई बड़ी गाड़ी दी होगी, बड़े-बड़े गिफ्ट दिए होंगे या छुट्टियों पर भेजा होगा। लेकिन सच कहूं तो उन्हें इन चीजों की जरूरत ही नहीं है। वो जहां हैं, जैसे हैं, बहुत खुश हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह हमेशा खुश रहें, चैन से रहें और उन्हें वो जिंदगी मिले, जिसकी वह हकदार हैं।'

## सलमान खान हमेशा गाइडिंग लाइट लाइट रहेंगे

सलमान खान की 'अंतिम' में दबंग खान के साथ काम करने को महिमा अपने करियर का टर्निंग पॉइंट मानती हैं। वह कहती हैं, 'मेरे लिए 'अंतिम' बहुत बड़ा टर्निंग पॉइंट थी। टीवी से फिल्मों तक का सफर मुझे उसी फिल्म की वजह से मिला। अगर सलमान सर ने मुझमें वह क्षमता नहीं देखी होती और मुझे मौका नहीं दिया होता तो शायद आज मैं फिल्मों में काम ही नहीं कर रही होती। मेरी पूरी ट्रैजेक्टरी 'अंतिम' ने बदल दी। मैं उन अवसरों के लिए शुक्रगुजार हूं, जो मुझे मिले। आज मैं 'शोटाइम' और 'मुसाफिर कैफे' जैसे प्रोजेक्ट कर रही हूं। सलमान सर हमेशा मेरे लिए एक गाइडिंग लाइट रहेंगे। उन्होंने मुझे मेरी पहली फिल्म का मौका दिया और मुझ पर भरोसा किया। उसके बाद की जर्नी मेरी अपनी है।

## विक्रांत मैसी के साथ चाइल्ड आर्टिस्ट थी, अब हीरोइन हूं

आज महिमा मकवाना भले विक्रांत मैसी के साथ 'मुसाफिर कैफे' में हीरोइन बन कर आ रही हैं, मगर एक समय वे उनके साथ चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम कर चुकी हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत में करीब पंद्रह साल पहले विक्रांत के साथ काम किया था। 'बालिका वधू' के समय मैं उनसे पहली बार मिली थी। मुझे याद है कि मैं उनके पास फोटो खिंचवाने गई थी और उन्होंने मेरे साथ तस्वीर खिंचवाई थी। आज इतने साल बाद हम दोनों एक-दूसरे के अपोजिट पूरा शो कर रहे हैं। यह अपने आप में बहुत खास एहसास है। विक्रांत बहुत ही स्वीटहार्ट इंसान हैं। वह शानदार अभिनेता हैं, लेकिन उससे भी बढ़कर वह बहुत अच्छे इंसान हैं। उनके साथ काम करके सबसे बड़ी सीख मुझे उनका अनुशासन मिला। अपने क्राफ्ट को लेकर उनकी गंभीरता मेरे लिए सबसे बड़ा उदाहरण है। विक्रांत में आज भी उतनी ही विनम्रता है। उनके साथ काम करने और अपने रोल को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक कैफे ओनर, जो एक रोमांटिक लड़की भी है, का रोल मैंने मैनिफेस्ट किया था और मुझे वो करने का मौका मिला।'

# शर्मिला ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

- अजय बाबू-सर्वेश कुशारे ने झटके रजत
- शिल्पा ने कांस्य पदक अपने नाम किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शर्मिला धनखड़ ने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचा जबकि वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी यादव के बाद वल्लुरी अजय बाबू ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सोमवार (28 जुलाई) को रजत पदक जीतकर भारत के अभियान को यादगार बनाया। सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स में कुछ अन्य खिलाड़ियों ने फाइनल और मुक्केबाजों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर देश के लिए उम्मीदें बढ़ा दीं। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों का चौथा दिन शानदार उपलब्धियों से भरा रहा, जहां दिन की सबसे बड़ी कहानी पैरा एथलेटिक्स से आई। 40 वर्षीय शर्मिला ने 9.81 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पैरा एथलेटिक्स पदक के 20 साल के इंतजार को खत्म किया। इस स्पर्धा में एक और भारतीय खिलाड़ी शिल्पा शायला को विवाद के बाद कांस्य पदक प्रदान किया गया।

- **सर्वेश कुशारे ने रजत पदक जीता–** बिंद्यारानी ने स्नैच में 87 और क्लीन एंड जर्क में 112 समेत कुल 199 किलो वजन उठाया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनकर इन खेलों में इतिहास रच दिया। कुशारे ने 2.25 मीटर की ऊंचाई पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी 2.25 मीटर के बाद 2.28 मीटर पार करने में असफल रहे, लेकिन काउंटबैक नियम के आधार पर बेकफोर्ड को विजेता घोषित किया गया।
- **तेजस्विन शंकर से आगे निकले कुशारे–** इंग्लैंड के जैक किमानी ने 2.20 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। अन्य भारतीय खिलाड़ी आदर्श राम 2.15 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में भारत का एकमात्र पदक तेजस्विन शंकर ने 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक के रूप में जीता था, लेकिन 31 वर्षीय कुशारे ने रजत पदक जीतकर उस उपलब्धि को पीछे छोड़ दिया।
- **श्रीशंकर ने फाइनल में जगह बनाई–** तेजस्विन ने भी सोमवार को स्पर्धा में हिस्सा लिया, लेकिन गुरुवार से शुरू होने वाली पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा की तैयारी को देखते हुए उन्होंने 2.05 मीटर के पहले प्रयास में असफल रहने के बाद हटने का फैसला किया। भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम. श्रीशंकर ने क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बनाई।



- **श्रीशंकर का शानदार प्रदर्शन–** श्रीशंकर ने ग्रुप-ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर की दूरी तय करके सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी थे। 27 साल के श्रीशंकर ग्रुप-ए से सीधे क्वालीफाई करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे।

### शिल्पा शायला चौथे स्थान पर रही

शिल्पा ने 7.26 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। शुरुआत में नाइजीरिया की यूचेरिया इयियाजी कांस्य पदक की स्थिति में थीं, लेकिन भारतीय दल की आपत्ति और आधिकारिक समीक्षा के बाद उनके एकमात्र वैध प्रयास को फाउल करार दिया गया। इसके बाद चौथे स्थान पर रहीं शिल्पा शायला को कांस्य पदक मिल गया। पदक में बदलाव की घोषणा के बाद भावुक शिल्पा ने शर्मिला के साथ जश्न मनाया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए।

### ज्ञानेश्वरी ने रजत पदक जीत

एफ57 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए होता है जिनके निचले अंगों में अक्षमता, अंगों की कमी या मांसपेशियों की ताकत में कमी होती है। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के रहने वाले 21 वर्षीय अजय बाबू ने स्नैच में 149 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 181 किग्रा वजन उठाकर कुल 330 किग्रा का भार दर्ज किया। उन्होंने दोनों वर्गों में राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड बनाया, लेकिन स्वर्ण पदक से वह मामूली अंतर से चूक गए। अनुभवी भारतीय भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी ने अच्छी चुनौती दी, लेकिन क्लीन एंड जर्क में दो नाकाम प्रयासों के कारण उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# टी20 वर्ल्ड कप में 20 नहीं 24 टीमें लेंगी हिस्सा!

## 2028 और 2030 में टूर्नामेंट का फॉर्मेट भी बदलेगा

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा हाल ही में 2028 और 2030 टी20 वर्ल्ड कप में टूर्नामेंट के फॉर्मेट बदलने की जानकारी दी गई थी। अब नई रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी सामने आई है कि, आईसीसी ने अब टीमों की संख्या बढ़ाने का भी प्लान किया है। अभी तक 20 टीमें टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेती हैं। गौरतलब है कि 2024 में 16 से 20 तक संख्या बढ़ाई गई थी। अब यह संख्या 24 तक जा सकती है। द टेलीग्राफ की



हालिया रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी ने अपना विजन टी20 वर्ल्ड कप को 32 टीमों का टूर्नामेंट बनाने का रखा है। ऐसे में 2032 के संस्करण में 20 से 24 टीमों तक यह टूर्नामेंट बढ़ सकता है। हालांकि, अगले दो संस्करण 2028 और 2030 में 20 टीमें ही हिस्सा लेंगी। वहीं अगले दोनों टी20 वर्ल्ड कप आईसीसी द्वारा तय किए गए नए फॉर्मेट पर ही खेले जाएंगे।

### क्यों लिया जा सकता है यह फैसला?

रिपोर्ट में कहा गया कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप की सफलता के बाद गवर्निंग काउंसिल द्वारा अन्य देशों के लिए मौके बढ़ाने और दुनियाभर में क्रिकेट के नए बाजार को तैयार करने के लिए यह फैसला लिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी का विजन है टी20 वर्ल्ड कप को 32 टीमों का टूर्नामेंट करवाने का। इसलिए आईसीसी धीरे-धीरे टीमों की संख्या बढ़ाकर इस टूर्नामेंट की सफलता को आंकना चाहता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आईसीसी के मुताबिक टी20 फॉर्मेट क्रिकेट को दुनियाभर में आगे बढ़ाने का सबसे असरदार जरिया है। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भी क्रिकेट की वापसी हो रही है।

# 'संजू की 100 प्रतिशत वापसी होगी'

## अभिषेक पर भड़के वर्ल्ड कप चैंपियन, कहा- चयनकर्ताओं को लेना होगा कड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम आयरलैंड और इंग्लैंड में हार के बाद जिम्बाब्वे में 3-0 की जीत के साथ पटरी पर लौटी है। मगर टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन सवालों के घेरे में है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछली छह पारियों में खासतौर से काफी निराश किया है। उनका पिछली छह पारियों में सर्वोच्च स्कोर 16 रन ही है। इसी कारण टीम इंडिया के पूर्व विश्व चैंपियन खिलाड़ी ने उनके ऊपर चयनकर्ताओं से कड़ा फैसला लेने की मांग की है।





अभिषेक की पिछली 10 पारियों की बात करें तो वह सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा पाए हैं। उन्होंने इस दौरान 191 रन ही बनाए हैं। आयरलैंड दौरे पर 49 और 0, इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में 59 और 43 रन के बाद अभिषेक शर्मा का बल्ला खामोश है। उसके बाद लगातार उन्हें छह मौके मिले। जबकि संजू सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच और आयरलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में फ्लाप होने के बाद तीन पारियों को देखते ही बाहर कर दिया गया था।

# बिंदियारानी ने जीता ब्रॉन्ज

- वेटलिफ्टिंग में 5वां मेडल
- भारत के नाम छठां पदक



### अब तक मेडल

- **मीराबाई चानू:** गोल्ड (वेटलिफ्टिंग)
- **राजा मुथुपंडी:** सिल्वर (वेटलिफ्टिंग)
- **ज्ञानेश्वरी यादव:** सिल्वर (वेटलिफ्टिंग)
- **झंडू कुमार:** ब्रॉन्ज (पैरा पॉवरलिफ्टिंग)
- **बिंदियारानी देवी:** ब्रॉन्ज (वेटलिफ्टिंग)

**नई दिल्ली।** ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के नाम छठा पदक हो गया है। भारत को वेटलिफ्टिंग में पांचवां मेडल मिला है। 58 किलोग्राम वर्ग में बिंदियारानी देवी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर 199 किलोग्राम का कुल वजन उठाया और देश को मेडल दिलाया। इससे पहले बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।

58 किलोग्राम की प्रतियोगिता में बिंदियारानी देवी ने स्नैच में अपना बेस्ट अटेम्प्ट 86 किलोग्राम वजन उठाकर दिया था। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में उनका बेस्ट 113 किलोग्राम रहा। कुल मिलाकर 199 किलोग्राम के साथ उन्होंने ब्रॉन्ज जीता। वहीं 53 किलोग्राम के बाद 58 किलोग्राम में भी नाईजीरिया को गोल्ड मेडल मिला। राफियातू लावल ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले 27 जुलाई सोमवार को भारत को वेटलिफ्टिंग में ही 53 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने सिल्वर मेडल दिलाया था। भारत को अब तक मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों में एकमात्र गोल मीराबाई चानू ने दिलाया था। उनको जोड़कर दो पुरुष और तीन महिला वेटलिफ्टर अभी तक इन खेलों में मेडल अपने नाम कर चुके हैं। जबकि एकमात्र मेडल वेटलिफ्टिंग के अलावा पैरा पॉवरलिफ्टिंग में आया था। कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय वेटलिफ्टर्स का प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है। भारत वेटलिफ्टिंग के मामले में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे सफल देश है जिसने राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक 134 मेडल जीते हैं और 46 गोल्ड इसमें शामिल हैं।

# बुमराह-साई अनफिट, जडेजा की वापसी

## सरांश जैन नया चेहरा, श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए के लिए भारतीय टीम का मंगलवार (28 जुलाई) को ऐलान हो गया। भारतीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चोटिल होना चिंता का विषय है। साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह चोटिल हैं। उन्हें टीम में चुना गया है, लेकिन यह भी जानकारी दी गई है कि फिट होने पर ही दोनों उपलब्ध होंगे। वाशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट में उपलब्ध नहीं होंगे। उन्हें स्क्वाड में भी नहीं चुना गया है।

अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की वापसी हुई है। वह टेनिस एल्बो की चोट से उबर गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नहीं खेले थे। भारतीय टीम में एकमात्र नए चेहरा सारांश जैन हैं। हर्षित राणा की अनुपलब्धता में आकिब नबी को मौका नहीं मिला है। गुरनूर बरार टीम में बरकरार हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी वह चुने गए थे।

### श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल [कप्तान], केएल राहुल [उप-कप्तान], यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत [विकेटकीपर], साई सुदर्शन*, ध्रुव जुरेल [विकेटकीपर], रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुतार, जसप्रीत बुमराह*, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

# ऑस्ट्रेलिया ने ठोका पदकों का पचासा, भारत ने भी किया दहाई का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बरकरार है। वह पदकों का पचासा लगा चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने 26,13 रजत और 20 कांस्य पदक जीता है। इंग्लैंड 32 पदकों के साथ दूसरे नंबर पर है। उसके 8 स्वर्ण, 12 रजत और 20 कांस्य पदक जीता है। कनाडा तीसरे नंबर पर है। 7 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीते हैं। भारत ने पदकों की संख्या के मामले में दहाई का आंकड़ा पार कर लिया है।



हालांकि, उसकी रैंकिंग में सुधार नहीं हुआ है। वह 8वें नंबर पर बना हुआ है। ग्लासगो में सोमवार (27 जुलाई) का दिन भारत के लिए काफी अच्छा रहा। भारत ने 1 स्वर्ण, 3 रजत और दो कांस्य पदक जीते। शर्मिला धनखड़ ने पैरा शॉटफुट में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा। इसी स्पर्धा में शिल्पा शायला को कांस्य पदक जीता। वेटलिफ्टिंग में भारत अबतक 6 पदक जीत चुका है।


**भारत से ऊपर नाइजीरिया–** नाइजीरिया का स्थान भारत से ऊपर है। उसके 10 पदक हैं। उसने 6 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीते हैं। स्कॉटलैंड के 11 पदक हैं। उसने 6 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते हैं। साउथ अफ्रीका ने 11 पदक जीते हैं। उसके 3 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं। मलेशिया के 5 पदक हैं। 3 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते हैं।

# वरिष्ठ खेल पत्रकार जसविंदर सिद्धू का निधन

## सड़क हादसे में गंवाई जान; बाइक चालक ने मारी टक्कर

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत के वरिष्ठ पत्रकार जसविंदर सिद्धू का रविवार 26 जुलाई की देर रात एक सड़क दुर्घटना के बाद निधन हो गया है। नेशनल हाईवे 9 पर उन्हें एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक भी घायल हो गया। उसका भी इलाज जारी है। यह हादसा पूर्वी दिल्ली के एनएच-9 पर हुआ। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी और तत्काल प्रभाव से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जसविंदर सिद्धू के एक करीबी से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात करीब 12:15 बजे उन्हें इस हादसे की



जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि जब एक राहगीर का जसविंदर सिद्धू के फोन से करीबी के पास कॉल आया तो इस हादसे की खबर मिली। फिर जब उस व्यक्ति ने जसविंदर सिद्धू के नंबर पर कॉल किया तो उन्होंने रोते हुए और कराहते हुए खुद इस हादसे के बारे में बताया।

करीबी ने बताया कि हादसे के बाद फोन पर उनसे बात करते हुए जसविंदर सिद्धू ने रोते हुए कहा, 'रोशन यार बहुत चोट लग गई है तू जल्दी आजा। मैंने उनको कहा भैया आप चिंता मत करो मैं तुरंत पहुंच रहा हूं। मैंने इसके बाद दूसरे करीबी को कॉल किया और उनको बताया।

### अटैक आने से हुआ निधन

करीबी ने बताया, 'मैंने उनको कहा भैया मैं आ गया हूं चिंता मत करना। उन्होंने मुझे रिस्पांस भी किया। फिर मैं डॉक्टर से उनका परिचय दिया और अपना भी परिचय दिया और इलाज के लिए तत्परता दिखाने की बात कही। डॉक्टर मुझसे उनके पिताजी का नाम घर का पता वगैरह पूछने लगे। मैंने बताया मुझे मालूम नहीं है। फिर डॉक्टर ने कहा कि देख लो पॉकेट में कुछ होगा आईडी वगैरह। फिर डॉक्टर ने आईडी वगैरह लिया और इलाज शुरू करवाया। इसी बीच उनको अटैक आ गया। डॉक्टर ने काफी कोशिश की। वह एक बार होश में भी आए। फिर उन्हें जीटीबी हॉस्पिटल लेकर ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।'

# वैभव सूर्यवंशी सितंबर में होने वाली टी-20 में खेल सकते हैं

## टी-20 अफगानिस्तान के साथ आयोजित होगी सीरीज



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज 3-0 से अपने नाम की। कप्तान श्रेयस अय्यर की कप्तानी में लगातार दो टी20 सीरीज गंवाने के बाद अब भारत ने अय्यर की कप्तानी में खाता खोला है। वैभव सूर्यवंशी इस सीरीज में हीरो रहे और 3 पारियों में 151 रन बनाकर टॉप स्कोरर भी बने। उन्हें अंतिम मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। अब नजरें होंगी कि कब वैभव फिर से टीम इंडिया की जर्सी में नजर आएंगे।

दरअसल अब टीम इंडिया को श्रीलंका का दौरा करना है जहां दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। उसके बाद अफगानिस्तान की मेजबानी में दिल्ली में तीन मैचों की टी20 सीरीज 13, 15 और 17 सितंबर को आयोजित हो सकती है। मगर उससे पहले टीम इंडिया तीन वनडे और तीन टी20 बांग्लादेश के साथ भी खेल सकती है जिसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा

## मुआवजा भुगतान एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित मामलों पर निर्णय

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत पथ निर्माण एवं पथ चौड़ीकरण, बस पड़ाव नामकुम निर्माण, पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण समेत अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि अधिग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई।




इस दौरान लंबित भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं रैयतों को समय पर मुआवजा भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का त्वरित एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि वैसे रैयत जिनका मुआवजा भुगतान लंबित है, उन रैयतों से मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज समय पर प्राप्त कर कैम्प लगाकर शीघ्र मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि किसी भी पात्र रैयत को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

साथ ही भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान से जुड़े किसी भी मामले को लंबित न रखने तथा सभी प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उद्योगपति समाजसेवी रोशनलाल शर्मा का निधन, शोक की लहर

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी रोशनलाल शर्मा 91का निधन हो गया। समाचार सुनकर खूंटी में शोक की लहर दौड़ गई। रोशन लाल शर्मा बहुत कर्तव्यनिष्ठ, मेहनती, कार्यकुशल समाजसेवी व्यक्ति थे। श्री शर्मा ने खूंटी से लाह व्यवसाय को विश्वपटल पर पहुंचाया। बहुत मिलनसार, मृदुभाषी, समाज के उत्थान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे, महर्षि मेही आश्रम, गायत्री परिवार, वनवासी कल्याण,एकल अभियान सहित,कई संस्थानों से जुड़े हुए थे।उनका नाम बड़े शान और आदर के साथ लिया जाता रहा है।



उम्र के पड़ाव में ईश्वर के विधान के अनुसार उनका देहावसान हो गया। इनके निधन पर खूंटी के पुर्व सांसद अर्जुन मुंडा, पुर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, बांग्ला हिंदी संगम परिषद के डॉ दीपक कुमार घोष अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के सुधांशु दत्ता,मन्नू भगत उर्फ मनु बाबू,पुर्व विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, अधिवक्ता प्रफुल्ल भगत,पाल भेंगरा,प्रभाष जायसवाल,तुलसी प्रजापति, मार्शल बारला सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। मुरहू के महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी में एक शोक सभा करके रोशन लाल शर्मा जी को श्रद्धांजलि दी गई। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि रोशन लाल शर्मा जी आश्रम के अभिभावक थे। हमेशा आश्रम को सहयोग किया करते थे।

डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि रोशन लाल जी खासकर गरीबों के उत्थान के लिए तन मन और धन से सदा समर्पित रहा करते थे, उनका जाना एक युग का अंत है। शोक व्यक्त करनेवालों में संजय सत्संगी, सुबोध मुखिया,रामहरि साव, सूरजलाल गुप्ता, राधेश्याम भगत,सूरजमल प्रसाद, सुनील रजक, बीरु कुमार, हरिद्वार ठाकुर, डॉ रमेश वर्मा, डॉ महेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र ठाकुर, जगन्नाथ साव सहित अन्य सत्संगी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी उपायुक्त मो. जावेद हुसैन एवं खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग से मुलाकात

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन झारखंड स्टेट के जेनरल सेक्रेटरी तपन कुमार घोष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल खूंटी उपायुक्त मो. जावेद हुसैन एवं खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग से मुलाकात किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारी को एसोसिएशन की और से अंग वसत्र एवं पुष्प गुच्छे भेंट की गई। खूंटी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल को आश्वासन दिया कि मानव अधिकार के क्षेत्र में काम करने के लिए हर संभव सरकार की और से सहयोग किया जाएगा। ताकि किसी भी व्यक्ति की मौलिक अधिकार का हनन नही हो। प्रतिनिधिमण्डल में स्टेट जेनरल सेक्रेटरी तपन कुमार घोष, स्टेट भाइस चेयरमैन सुधांशु कुमार दत्ता, जिला सचिव बिरसा लोहरा, तुलसी प्रजापति, प्रशांत कुमार आदि शामिल थे।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**खूँटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो. जावेद हुसैन द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने ईवीएम के रख रखाव एवं ईवीएम वेयर हाउस की विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की समीक्षा की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली एवं कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख-रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस में तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री ललन कुमार उपस्थित थे।

### होंडा ने भारत में 10 मेड इन इंडिया मोटरसाइकिल और स्कूटरों का नया पोर्टफोलियो पेश किया

**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने भारतीय बाजार के लिए 10 मोटरसाइकिलों और स्कूटर्स का नया पोर्टफोलियो पेश किया है। इसमें सात नए मॉडल और तीन नए रंग विकल्पों के साथ अपडेट किए गए मॉडल शामिल हैं। इस नई रेंज में क्रूजर, एडवेंचर टूरर, रोडस्टर, लाइफस्टाइल राइडिंग, इलेक्ट्रिक और फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी से जुड़े उत्पाद शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि इन मॉडलों का भारत में स्थानीय स्तर पर निर्माण (लोकलाइजेशन) उसकी उत्पाद विकास, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं को और मजबूत करेगा। साथ ही, ग्राहकों को होंडा की वैश्विक तकनीकों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी तथा स्थानीय सोर्सिंग और विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा कि 10 उत्पादों का यह नया पोर्टफोलियो एडवांस इंटरनल कंबशन इंजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक के माध्यम से ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप विकल्प उपलब्ध कराता है। कंपनी के अनुसार, इस पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडलों में होंडा ई-क्लच तकनीक भी उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी इन नए उत्पादों को चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारेगी तथा प्रत्येक मॉडल की लॉन्च तिथि, कीमत और उपलब्धता की जानकारी उसके लॉन्च के समय अलग से घोषित की जाएगी।

### मानगो में सरकारी जमीन से हटेगा कब्जा, 4 अगस्त को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानगो में 4 अगस्त को सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा. वार्ड 8 और 10 में 16 मामलों पर कार्रवाई के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है.मानगो में 4 अगस्त को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा. यह कार्रवाई वार्ड संख्या 8 और 10 में सरकारी जमीन पर किये गये अवैध कब्जे के खिलाफ की जायेगी. इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है. मानगो अंचल में जेपीएलइ वादों से जुड़े 0.17 एकड़ (करीब 7,400 वर्ग फीट से अधिक) जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा. इस कार्रवाई में कुल 16 अतिक्रमण मामलों को शामिल किया गया है. धालभूम एसडीओ के आदेश पर अतिक्रमण हटाने के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गयी है. मानगो के अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को वरीय दंडाधिकारी बनाया गया है. उनके सहयोग के लिए राजस्व उप निरीक्षक गौतम प्रधान और प्रदीप कुमार (मानगो अंचल) को तैनात किया गया है. किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों, सशस्त्र बल, लाठी बल और महिला आरक्षी बल की तैनाती की गयी है. मानगो थाना प्रभारी को भी खुद स्थल पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है. इससे पहले सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर जमीन खाली करने को कहा गया था. अतिक्रमणकारियों की सूची में भालू यादव, महेंद्र यादव, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र यादव, शंकर यादव, मनोज गौड़, राजू राय, नवीन रूहीदास, ललन यादव, अखई कैवर्त्त, जेएल शर्मा, साई सूरज आश्रम, मनोहर कैवर्त्त, गनौरी वर्मा, हरि भुइयां और रिंकू दास शामिल हैं.

### बस से गिरकर युवक की मौत

**सिमरिया(चतरा), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपराडीह निवासी भीम प्रसाद(33) की बगरा चौक पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. वह दीप ज्योति नामक बस से चना बेचकर उतर रहा था. तभी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से उसे सिमरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया. रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बगरा चौक पर सड़क जाम कर दिया. मृतक चना बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था. उसके निधन से परिवार व गांव में शोक का माहौल है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

# दिव्यांग कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी संपन्न

## अधिकार, सुविधाओं और समावेशी कार्य संस्कृति पर किया गया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कारखाना जमालपुर में केंद्रीय कर्मचारी कल्याण निधि के अंतर्गत दिव्यांग कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। संगोष्ठी का उद्देश्य दिव्यांग कर्मचारियों को उनके अधिकारों, सरकारी सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा कार्यस्थल पर समावेशी और संवेदनशील वातावरण को बढ़ावा देना था।

संगोष्ठी समारोह का उद्घाटन सीडब्लूएम विनय प्रसाद वर्णवाल, सीपीओ राजीव कुमार सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर सीडब्लूएम ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारियों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से दिव्यांगजन के प्रति सकारात्मक, सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 भारतीय रेल में दिव्यांग कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं, रियायतों,कल्याणकारी योजनाओं तथा उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने कार्यस्थल पर सुगम्यता, युक्तिसंगत सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं कल्याण, दिव्यांग अधिकार और समावेशी कार्य संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया। वहीं दिव्यांग कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से अधिकारियों को अवगत कराया।




# कहीं भवन जर्जर तो कहीं अधूरा निर्माण

**● जान जोखिम में डाल पढ़ रहे बच्चे, विभाग से गुहार के बावजूद नहीं सुधरे हालात**

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालकोट प्रखंड की टेंगरिया और बागेसेरा पंचायत में शिक्षा व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है. शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले कई विद्यालय जर्जर भवन, अधूरे निर्माण और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं. ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. टेंगरिया पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय, करंजटोली का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है. भवन की खस्ताहाल स्थिति के कारण विद्यालय पिछले एक वर्ष से गांव के ही सवना बिलुंग के मकान में दो कमरों का किराया देकर संचालित किया जा रहा है. यहां पारा शिक्षिका पुष्पा कुमारी किसी तरह 35 बच्चों को पढ़ा रही हैं. पुष्पा कुमारी ने बताया कि गर्मी और ठंड के मौसम में किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन बरसात में परेशानी होती है. विद्यालय में रसोईघर तक नहीं है, जिससे मध्याह्न भोजन दूसरी जगह तैयार कर लाना पड़ता है. पुराने भवन की छत से पानी टपकता है, इसलिए कमरे के अंदर प्लास्टिक बांधकर किसी तरह व्यवस्था की गयी है. संकुल सेवी शारदा प्रसाद ने बताया कि विद्यालय भवन की समस्या को लेकर कई बार बीआरसी कार्यालय, पालकोट में आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है. वहीं टेंगरिया खास राजकीय उत्क्रमित उवि में भी स्थिति संतोषजनक नहीं है. विद्यालय परिसर में लाखों रुपये की लागत से दो कमरों का नया भवन बन रहा है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक अधूरा है. शिक्षक चंदन कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक अमित प्रफुल्ल मिंज बीआरसी के कार्य से बाहर गये हैं. नये भवन के निर्माण की प्रगति के संबंध में शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता (जेई) से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला. इधर, बागेसेरा पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उवि मलई की स्थिति भी चिंताजनक है. यहां 190 विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए

# 33 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार




**जमशेदपुर नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीतारामडेरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 33 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका दो साथी फरार हो गया. गिरफ्तार आरोपी का नाम उमेश कुमार है, जिसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी सिटी एसपी ललित मीना ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में दी. सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो-तीन लड़के ओडिशा से गांजा लेकर आये हैं. गांजा लाने के बाद वे लोग भुइयांडीह स्थित बस स्टैंड से बनारस और बिहार जाने वाले हैं. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने फौरन टीम का गठन किया. उसके बाद आनन-फानन में छापेमारी कर उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथ मौजूद रवि यादव और रविश कुमार फरार हो गये. पूछताछ में उमेश ने बताया कि मोबाइल नंबर 7261862453 का धारक ही गांजे की तस्करी करता है. वह इसी के कहने के अनुसार काम करता है.

# छात्र आंदोलन में बीडीओ के घायल होने के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 25 जुलाई को बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान सारण जिले में दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों के घायल होने के विरोध में मंगलवार को जमालपुर प्रखंड कार्यालय में भी अधिकारियों एवं कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित कार्यालय के कर्मियों ने विरोध दर्ज कराते हुए अपनी नियमित प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।बताया गया कि यह विरोध प्रदर्शन बिहार के सभी प्रखंडों में एक साथ किया गया। बीडीओ संघ ने छात्र आंदोलन के दौरान हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अधिकारियों पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ की प्रमुख मांग है कि फील्ड में कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा ड्यूटी के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण और प्रभावी लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



जमालपुर प्रखंड कार्यालय में काली पट्टी बांधकर किए गए इस सांकेतिक विरोध के माध्यम से अधिकारियों ने घायल बीडीओ के प्रति एकजुटता व्यक्त की और सरकार से उनकी सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की।

### बैल चराने गये अधेड़ का तीन दिन बाद नदी से मिला शव

**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिसई प्रखंड स्थित पुसो थाना क्षेत्र के लद्दा ग्राम में उस समय शोक की लहर दौड़ गयी जब गांव के 45 वर्षीय सुरेश उरांव की नदी में डूबने से दुखद मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश गुरुवार की सुबह लगभग नौ बजे मवेशी चराने के लिये कुलडीपा की ओर गया हुआ था. देर शाम तक मवेशी तो वापस घर लौट आए लेकिन सुरेश घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी. परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी काफी खोजबीन की और रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका. आखिरकार घटना के तीन दिन बाद बड़री गांव के कुछ बच्चे जब नदी किनारे नहाने और मछली पकड़ने गये. तब उन्होंने नदी के पानी में एक शव को तैरते हुए देखा. बच्चों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखते हुए पुसो थाना पुलिस को सूचित किया. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला. शव की पहचान लापता सुरेश के रूप में की गयी. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के पश्चात उसे अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंप दिया. गुमला सदर थाना क्षेत्र के वृंदा नवाटोली गांव में एक दुखद घटना सामने आयी है, जहां 65 वर्षीय गंदु भगत की तालाब में डूबने से मौत हो गयी.

# मानगो में सरकारी जमीन से हटेगा कब्जा, 4 अगस्त को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानगो में 4 अगस्त को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा. यह कार्रवाई वार्ड संख्या 8 और 10 में सरकारी जमीन पर किये गये अवैध कब्जे के खिलाफ की जायेगी. इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है. मानगो अंचल में जेपीएलइ वादों से जुड़े 0.17 एकड़ (करीब 7,400 वर्ग फीट से अधिक) जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा. इस कार्रवाई में कुल 16 अतिक्रमण मामलों को शामिल किया गया है. धालभूम एसडीओ के आदेश पर अतिक्रमण हटाने के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गयी है. मानगो के अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव को वरीय दंडाधिकारी बनाया गया है. उनके सहयोग के लिए राजस्व उप निरीक्षक गौतम प्रधान और प्रदीप कुमार (मानगो अंचल) को तैनात किया गैर-संचारी रोगों से बचाव के बढ़ते गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को देखते हुए जीवन ज्योति संस्था ने रोटी बैंक के सहयोग से शहर में जागरूकता एवं निःशुल्क जांच अभियान शुरू किया है. संस्था के संस्थापक एवं रोटी बैंक के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक रविवार को बीपी और शुगर की निःशुल्क स्क्रीनिंग की जा रही है. इसी क्रम में मानगो डिमना रोड में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने जांच कराकर विशेषज्ञों से परामर्श लिया. इसके साथ संस्था मॉर्निंग वॉकर्स क्लब, योग व प्राणायाम कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है. डिमना रोड स्थित जिम पार्क में प्रत्येक शुक्रवार को लॉटरी के माध्यम से नियमित मॉर्निंग वॉक करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जा रहा है.



# रेल कारखाना में दिव्यांग कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी संपन्न

## अधिकार, सुविधाओं और समावेशी कार्य संस्कृति पर किया गया जागरूक, कर्मचारियों ने साझा किए अनुभव




**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कारखाना जमालपुर में केंद्रीय कर्मचारी कल्याण निधि के अंतर्गत दिव्यांग कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। संगोष्ठी का उद्देश्य दिव्यांग कर्मचारियों को उनके अधिकारों, सरकारी सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा कार्यस्थल पर समावेशी और संवेदनशील वातावरण को बढ़ावा देना था।

संगोष्ठी समारोह का उद्घाटन सीडब्लूएम विनय प्रसाद वर्णवाल, सीपीओ राजीव कुमार सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

मौके पर सीडब्लूएम ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारियों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से दिव्यांगजन के प्रति सकारात्मक, सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 भारतीय रेल में दिव्यांग कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं, रियायतों,कल्याणकारी योजनाओं तथा उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने कार्यस्थल पर सुगम्यता, युक्तिसंगत सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं कल्याण, दिव्यांग अधिकार और समावेशी कार्य संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया। वहीं दिव्यांग कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से अधिकारियों को अवगत कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षु आईएएस ने सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को प्रशिक्षु आईएएस सहायक समाहर्ता डॉ. अरविंद राधाकृष्णन ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता की उपस्थिति में सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 तथा केंद्र में प्राप्त होने वाले मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। जिला परियोजना समन्वयक प्रीति कुमारी एवं परामर्शदाता डॉ. उदय कुमार ने हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन, संबंधित विभागों के साथ समन्वय तथा महिलाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस ने केंद्र की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया तथा महिलाओं एवं बच्चों के हित में संचालित सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर सोशल वर्कर चंदन कुमार दास, केस वर्कर लिन वीना लकड़ा, चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर संतोष कुमार, जितेंद्र सिंह चौधरी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### बाबुडीह जंगल में सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई, 10 हाइवा अवैध कोयला जब्त

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धमाबांध ओपी क्षेत्र के बाबुडीह जंगल में मंगलवार को सीआईएसएफ की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर कारोबारियों द्वारा अवैध खनन कर जमा किए गए भारी मात्रा में कोयला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान लगभग 10 हाइवा अवैध कोयला जब्त कर उसे गोविंदपुर एरिया-3 भेज दिया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट पी. एस. तनवर ने बताया कि यह कार्रवाई



गुप्त सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और कोयला तस्करी के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाबुडीह जंगल में लंबे समय से अवैध कोयला खनन और तस्करी का कारोबार संचालित होने की चर्चा रही है। आरोप है कि यहां से अवैध रूप से निकाले गए कोयले को हाइवा के माध्यम से अन्य राज्यों में भेजा जाता था। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पुलिस प्रशासन की कथित मिलीभगत के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। सीआईएसएफ की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### नीट में सफलता अर्जित करने वाली पूर्व छात्रा को विद्यालय द्वारा किया गया सम्मानित

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पेटरवार की पूर्व छात्रा राखी कुमारी ने प्रतिष्ठित नीट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। बताते चलें कि राखी ने 720 में से 588 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया स्टार पर 14249 रैंक तथा अपने कैटिगरी में 6598 रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रवि कांत सिंगला, प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने पूर्व छात्रा राखी कुमारी को डायरी, कलम एवं श्रीफल तथा उनके माता -पिता को अंग वस्त्र एवं तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रवि कांत सिंगला ने कहा कि राखी कुमारी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देकर समाज का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है हम सभी विद्यालय की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं रथ लाल महतो ने कहा पेटरवार के लिए गर्व की बात है की राखी कुमार नीट की परीक्षा में सफलता पाई।




### होमगार्ड व चौकीदार के रिक्त पदों पर बहाली की मांग को लेकर धरना - प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में रिक्त होमगार्ड और चौकीदार पदों पर बहाली की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में युवा डीसी कार्यालय पहुंचे। युवाओं ने मुख्य द्वार पर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। आंदोलन को समर्थन देने डुमरी विधायक जयराम महतो भी धरना स्थल पहुंचे। युवाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनकी मांग का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्ष 2023 की होमगार्ड बहाली में दूसरे जिलों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई, जबकि बोकारो के स्थानीय युवा वंचित रह गए। विधायक ने मौके से ही डीसी से फोन पर बात कर रिक्त पदों पर जल्द बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। जयराम महतो ने कहा कि अगर यह बहाली निकल जाती है तो युवाओं के लिए संजीवनी का काम करें उन्होंने कहा कि अगर जिला प्रशासन अपने स्तर से इस पर कॉल नहीं करती है तो विधानसभा में इसको लेकर सवाल उठाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से आई लड़कियों ने कहा कि हम लोगों के लिए काफी कठिन समय है ।पढ़ाई करने के बाद नियोजन नहीं मिल रहा है। ऐसे में घर वाले शादी कर देने की बात कह रहे हैं। प्रदर्शन करने आए युवाओं ने कहा कि बाहर के लोगों को 2023 में बहस कर दिया गया हमारी एक ही मांग है स्थानीय को नियोजन में का काम करें।




# उड़ान के लिए तैयार हो रहा बोकारो एयरपोर्ट, डीसी ने किया संयुक्त निरीक्षण

## बोकारो एयरपोर्ट के विकास एवं संचालन को लेकर डीसी ने एएआई एवं बीएसएल अधिकारियों के साथ लिया जायजा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) एवं बीएसएल के अधिकारियों के साथ बोकारो एयरपोर्ट का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक, झारखंड सिविल एविएशन कैप्टन एस. पी. सिन्हा, प्रशिक्षु आईएएस श्री अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, एएआई के मनोज कुमार, सेल एविएशन के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने एयरपोर्ट परिसर, रनवे, बोर्डिंग एरिया सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का क्रमवार जायजा लिया तथा आवश्यक बिंदुओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एयरपोर्ट परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रस्तावित निरीक्षण से पूर्व परिसर में उगी घास, छोटे-छोटे पेड़-पौधों सहित अन्य अवांछित वनस्पतियों की समुचित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि एयरपोर्ट परिसर व्यवस्थित एवं मानकों के अनुरूप दिखाई दे। उपायुक्त ने एयरपोर्ट के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की। उन्होंने इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं सेल के वरीय स्तर पर आवश्यक पत्राचार कर शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एयरपोर्ट के विकास, संचालन एवं रखरखाव से जुड़े विभिन्न अन्य बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में डीडीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय में आयोजित हम आपको सुनते हैं...(लोक संवाद) के तहत उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने आमजनों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 मामलों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, शिक्षा सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। डीडीसी ने प्रत्येक मामले की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीडीसी ने कहा कि हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को समय पर न्याय एवं राहत मिल सके। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, डीईओ प्रवीण रंजन, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, एडीईएस सुचिता किरण, डीडीएमओ शक्ति कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



# उपायुक्त ने किया मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों का औचक निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज सदर अस्पताल, कोहिनूर मैदान, बरटांड बस स्टैंड सहित शहर में संचालित अन्य मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, सिटिंग व्यवस्था तथा वितरण प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जन उपयोगी बनाने के उद्देश्य से दाल भात केंद्र में भोजन के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की प्रविष्टि, मोबाइल नंबर व आधार कार्ड नंबर सहित, सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, इसके लिए व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। साथ ही भोजन की पौष्टिकता एवं स्वच्छता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की संचालक को हिदायत दी। उन्होंने केंद्र पर पीने का शुद्ध पानी, बैठने की समुचित व्यवस्था और परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की आम नागरिकों को एक सम्मानजनक और स्वच्छ माहौल में भोजन उपलब्ध कराने की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को रियायती दर पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।



# 29 चालकों को सौंपे गए ड्राइविंग लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस एवं हेल्मेट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को परिवहन विभाग एवं टाटा मोटर्स के बीच इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर), जमशेदपुर की स्थापना के लिए आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण झारनेट के माध्यम से किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जुड़े, वहीं बोकारो जिला भी झारनेट के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुआ। कार्यक्रम के समापन के उपरांत उपायुक्त अजय नाथ झा ने 29 वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस एवं सड़क सुरक्षा को लेकर हेल्मेट प्रदान किए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए प्रत्येक पात्र वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष शिविर आयोजित कर ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजित विशेष शिविर के दौरान कुल 334 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 241 लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए। वहीं, 23 जुलाई तक सारथी ऐप पर लंबित 836 आवेदनों में से त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र चार दिनों के भीतर 743 मामलों का निष्पादन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि बोकारो जिले में प्रतिवर्ष लगभग 600 भारी वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किए जाते हैं। भारी वाहन चालकों के प्रशिक्षण के लिए पिंड्राजोड़ा एवं चंदनकियारी में दो प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों से प्रशिक्षित चालक तैयार होने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि कुशल एवं प्रशिक्षित चालक सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित परिवहन विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# धनबाद रेल मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान, 601 यात्रियों से वसूले 5.66 लाख रुपए

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने से रोकने के लिए पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा बड़े पैमाने पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन-रात स्टेशनों और ट्रेनों में चलाया गया। धनबाद मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी मनीष सौरभ ने बताया कि इस चेकिंग अभियान के दौरान कुल 601 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले और बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। अभियान के दौरान पकड़े गए यात्रियों से 5,66,665 रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। सभी यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों ने धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों के अलावा कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी सघन जांच की। जांच के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। मनीष सौरभ ने कहा कि धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी यह जारी रहेगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे उचित टिकट लेकर ही प्लेटफार्म में प्रवेश करें और जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करें। इससे न सिर्फ जुमार्ने से बचा जा सकेगा बल्कि रेलवे को होने वाले राजस्व नुकसान को भी रोका जा सकेगा। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# झारखंड की कोयला परियोजनाओं से 5 सालों में 6,584 परिवार प्रभावित

## बीसीसीएल ने एक को भी नहीं दी नौकरी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में पिछले पांच वर्षों में कोयला परियोजनाओं से कोल इंडिया की तीन प्रमुख कंपनियों- सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल के अलावा एनटीपीसी की परियोजनाओं से कुल 6,584 परिवार प्रभावित हुए हैं. इनमें सीसीएल के 1326, इसीएल के 293, बीसीसीएल के 165 तथा एनटीपीसी की तीन परिचालन खदानों- पकरी- बरवाडीह, चट्टी-बरियातू और केरेडारी से 4,800 परिवार विस्थापित हुए. यह जानकारी सोमवार को सदन में कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने राज्यसभा सदस्य परिमल नथवानी के एक सवाल के लिखित उत्तर में दी. उन्होंने बताया कि कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में सबसे अधिक 1326 परिवारों का पुनर्वास सीसीएल में हुआ. इसीएल में 293 और बीसीसीएल में 165 परिवारों का पुनर्वास हुआ. पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) के तहत सीसीएल ने 968 प्रभावितों को रोजगार दिया. इसके अलावा 63.89 करोड़ आरएंडआर लाभ और 202.54 करोड़ भूमि एवं परिसंपत्ति मुआवजा दिया गया. इसीएल ने 174 लोगों को रोजगार, 18.84 करोड़ आरएंडआर लाभ तथा 262.052 करोड़ मुआवजा दिया. वहीं बीसीसीएल ने किसी भी प्रभावित परिवार को रोजगार नहीं दिया, हालांकि 7.462 करोड़ आरएंडआर लाभ और 32.695 करोड़ भूमि एवं परिसंपत्ति मुआवजा प्रदान किया.

# एसआईआर : तय समय से एक दिन पहले पूरा हुआ डिजिटाइजेशन, डीईओ सह डीसी ने टीम को दी बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार देर शाम जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने वीडियो संवाद के माध्यम से जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं एईआरओ के साथ एसआईआर-2026 की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीईओ सह डीसी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस क्रम में 34-गोमिया, 35-बेरमो एवं 37-चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण होने तथा 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 99.66 प्रतिशत डिजिटाइजेशन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी। डीईओ सह डीसी ने कहा कि एसाईआर कार्य पूर्ण होने में अब केवल एक दिन शेष है। सभी ईआरओ एवं एईआरओ एक बार पुनः पूरे डाटा का सावधानीपूर्वक सत्यापन कर लें। समीक्षा के दौरान डीईओ सह डीसी ने सभी ईआरओ एवं एईआरओ से उनके कायार्नुभव भी साझा करने को कहा तथा पूरी प्रक्रिया में टीमवर्क की भावना के साथ कार्य करने के लिए सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभी ईआरओ एवं एईआरओ ने डीईओ सह डीसी के बेहतर मार्गदर्शन, प्रतिदिन वीडियो संवाद एवं नियमित मॉनिटरिंग के कारण निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलने की बात कही। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस डॉ. अरविंद राधाकृष्णन, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा तथा वीडियो संवाद के माध्यम से सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, ईआरओ एवं एईआरओ उपस्थित थे।



# भाजपा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें प्राकट्योत्सव को 'सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता महापर्व' के रूप में मनाएगी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 जयंती पर भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत आज भाजपा बोकारो जिला ने बोकारो परिसदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें प्राकट्योत्सव को भाजपा 'सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता महापर्व' के रूप 29 जुलाई 2026 (गुरु पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में पार्टी द्वारा 'समरसता संकल्प अभियान' संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान का शुभारम्भ गुरु रविदास महाराज की पावन जन्मस्थली वाराणसी से होगा। देशभर में 21,000 से अधिक स्थानों पर कलश वंदन, 51,000 मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर दीपोत्सव, संत संपर्क अभियान, समरसता संवाद, सामाजिक कार्यक्रम तथा जालंधर से वाराणसी तक राष्ट्रीय समरसता यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की भावना के साथ यह अभियान हमारे लिए एक आयोजन मात्र न होकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने, जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और सामाजिक समरसता की भावना को धरातल पर उतारने और इसे सशक्त करने का एक व्यापक जन आंदोलन है। अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि 29 जुलाई 2026 (आषाढ़ पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक पूरे देश में राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के साथ चलाया जाएगा। 29 जुलाई को बोकारो जिला में लगभग 200 स्थानों में दीप प्रज्वलित व प्रसाद वितरण होगा। कलश वंदन अभियानः 29 जुलाई से 10 सितंबर 2026 तक गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) की पवित्र मिट्टी से भरे 131 कलश देशभर के प्रदेश, जिला, मंडल और गांव तक पहुंचेंगे। कुल 21,000 कलशों में यह मिट्टी स्थापित होगी। संत संपर्क अभियानः 29 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक भाजपा पदाधिकारी संतों से मिलकर उनका अभिनंदन करेंगे और सामाजिक समरसता का संदेश देंगे।

**श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्राः**

5 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) तक यात्रा निकलेगी। यात्रा के दौरान संत सम्मेलन और समरसता गोष्ठियां होंगी। छात्रावास संपर्क अभियानः 26 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक सभी छात्रावासों में "समरसता संवाद" कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बिरंची नारायण ने कहा कि गुरु रविदास महाराज केवल एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक थे। उन्होंने "बेगम-पुरा" का दर्शन दिया - ऐसा समाज जहां कोई दुख, पीड़ा, भेदभाव न हो। उनके विचार फ्रांसीसी क्रांति और अब्राहम लिंकन से सैकड़ों साल पहले के हैं। गुरु रविदास जी ने पूरा जीवन जातिवाद समाप्त करने और छुआछूत मिटाने में लगाया। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का मूल आधार उन्हीं के विचार हैं। श्री नारायण ने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रमों की शृंखला नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का व्यापक जन आंदोलन है। उन्होंने सभी संतों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र राज भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महामंत्री रामलाल सोरेन,मंत्री एंजेला सिंह,ए के वर्मा,अशोक दास, बालेश्वर मुर्मू अभय कुमार गोलू,प्रकाश कुमार उपस्थित रहे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com